


# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, मंगलवार, 24 सितंबर 2024
संवत 2081, आश्विन कृष्ण 7 संवत मूल्य-2 रुपये
वर्ष-8, अंक 20 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ आयुष्मान भारत : भारत की स्वास्थ्य यात्रा में मील का पत्थर
गुजरात के रिया सिंघा ने जीता 'मिस यूनिवर्स इंडिया 2024' का ताज ◂◂ 6





# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, मंगलवार, 24 सितंबर 2024

संवत 2081, आश्विन कृष्ण 7 संवत मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 20 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ आयुष्मान भारत : भारत की स्वास्थ्य यात्रा में मील का पत्थर

गुजरात के रिया सिंघा ने जीता 'मिस यूनिवर्स इंडिया 2024' का ताज ◀◀ 6





झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले बोले हेमंत सोरेन

# मंईयां सम्मान योजना की राशि कर देंगे 2000 रुपए

मेट्रो रेज

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बहुत बड़ी घोषणा कर दी है। राज्य में 18 से 50 साल तक की महिलाओं के लिए शुरू की गई झारखंड मुक्ति मोर्चा-कांग्रेस-राष्ट्रीय जनता दल की महागठबंधन सरकार की महत्वाकांक्षी योजना झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि को डबल करने की बात कर दी है। जी हां। हेमंत सोरेन की सरकार ने कहा है कि वह मंईयां सम्मान योजना की राशि को 1000 रुपए से बढ़ाकर 2000 रुपए कर देंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के कार्यकारी अध्यक्ष और प्रदेश के मुखिया ने 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्षी दलों के नेता कहते हैं कि विधानसभा चुनाव जीतने के लिए हेमंत सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत की है। हेमंत सोरेन ने कहा कि खुद तो ये लोग कुछ करते नहीं, जब हम महिलाओं को सम्मान देना चाहते हैं, तो हम पर आरोप लगाते हैं। उन्होंने कहा कि हमने केंद्र सरकार से कहा है कि हमारा बकाया 1.136 लाख करोड़ रुपए दो। अगर ये रुपए एक साथ नहीं दे सकते, तो उसका ब्याज दो। अगर केंद्र सरकार से हमें 1.136 लाख करोड़ रुपए मिल जाएं, तो हम झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि को 1000 रुपए (एक हजार रुपए) से बढ़ाकर 2000 रुपए (दो हजार रुपए) कर देंगे।

पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी बोले

# घुसपैठ रोकने के लिए झारखंड में भाजपा की सरकार बनना जरूरी

मेट्रो रेज



**बोकारो :** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी की परिवर्तन यात्रा चल रही है। हर दिन पार्टी के बड़े नेताओं राज्य में आना जाना लगा हुआ है। इसी क्रम में पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी मंगलवार को बोकारो पहुंचे। जहां उनका अमर बाउरी समेत अन्य नेताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत कर दावा किया कि राज्य में भाजपा के पक्ष में माहौल है। घुसपैठ रोकने के लिए झारखंड में बीजेपी को सत्ता में आना जरूरी है।

**शुभेंदु अधिकारी ने बताया किस वजह से चंपाई सोरेन भाजपा में आए :** भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी धनबाद में होने वाले बीजेपी की परिवर्तन शामिल होने के लिए बोकारो पहुंचे थे। लेकिन धनबाद रवाना होने से पहले उन्होंने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि झारखंड में बीजेपी के पक्ष में माहौल है। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की सभा उमड़ी भीड़ इसका बड़ा उदाहरण है। परिवर्तन की लहर की वजह से चंपाई सोरेन आज भाजपा में शामिल हुए।

**शुभेंदु का दावा- बंगाल में भी बनेगी बीजेपी की सरकार :** बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने आगे कहा कि जिस प्रकार से बांग्लादेशी और रोहिंग्या का घुसपैठ झारखंड में हो रहा है, हम कह सकते हैं कि सनातन धर्म और राष्ट्रवाद खतरे में पड़ जाएगा। असम और बंगाल की तरह अब झारखंड में भी घुसपैठ हो रहा है। जिसे रोकने की जरूरत है। रोकने के लिए भाजपा का सत्ता में आना जरूरी है। इस दौरान उन्होंने यह भी दावा किया कि झारखंड के बाद बंगाल में भी भाजपा की सरकार बनेगी।

## लोहरदगा में तेज रफ्तार कार ने 4 को कुचला, 1 की मौत 3 गंभीर रूप से घायल

**लोहरदगा:** जिले के कुडू थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे 75 पर एक तेज रफ्तार कार ने 4 लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इसमें एक मजदूर की मौत हो गई वहीं 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। साथ ही मृतक के शव को कुडू थाना की पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया है।

मृतक की पहचान अशोक केसरी के रूप में हुई है। वह कुडू के एक होटल में मजदूरी का काम करता था। अशोक साइकिल से कही जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उसे कुचल दिया। उसके साथ कार ने बाईक सवार 3 लोगों को भी अपने चपेट में ले लिया। घटना के बाद वाहन चालक कार लेकर मौके से फरार हो गए। इसके बाद सभी को तुरंत इलाज के लिए कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां इलाज के दौरान आशोक की मौत हो गई। वहीं अन्य 3 का इलाज चल रहा है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद कुडू थाना प्रभारी कुलदीप टोप्पो ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।



## तिरुपति में पशु चर्बी के बाद सामने आया नया विवाद : लड्डू में अब तंबाकू मिलने का दावा

**नई दिल्ली :** आंध्र प्रदेश के तिरुमाला तिरुपति मंदिर में लड्डू बनाने में लापरवाही का एक और नया मामला सामने आया है। अब एक श्रद्धालु ने मंदिर में चढ़ाए गए लड्डू में तंबाकू मिलने का दावा किया है। यह घटना ऐसे समय हुई है, जब प्रसाद बनाने में जानवरों की चर्बी के इस्तेमाल को लेकर विवाद चल रहा है। तेलंगाना के की रहने वाली श्रद्धालु दोंथु पद्मावती ने बताया कि वह 19 सितंबर को तिरुपति के प्रसिद्ध श्री वेंकटेश्वर मंदिर गई थीं। इस दौरान उन्हें जो प्रसाद मिला था उसमें कागज में लिपटे तंबाकू के टुकड़े मिले, जिससे वह बुरी तरह डर गईं। इस घटना पर आश्चर्य जताते हुए पद्मावती ने कहा कि प्रसाद को पवित्र माना जाता है। इसमें इस तरह की मिलावट होना दिल दहला देने वाला है। इस बीच, तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने श्रद्धालुओं को आश्वासन दिया है कि प्रसाद की शुद्धता और पवित्रता को बहाल करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए हैं। टीटीडी ने श्रद्धालुओं से आस्था न खोने का आग्रह किया है।

बता दें, यह घटनाक्रम पिछले सप्ताह तेलुगू देशम पार्टी द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद सामने आया है, जिसमें दावा किया गया था कि गुजरात स्थित एक प्रयोगशाला ने लड्डू में मिलावट की पुष्टि की है, जिसमें पशु वसा की मौजूदगी भी शामिल है। आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने पिछली वाईएसआर कांग्रेस पार्टी सरकार पर घटिया सामग्री का इस्तेमाल करके तिरुमाला लड्डू की पवित्रता से समझौता करने का आरोप लगाया है। आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए, वाईएसआरसीपी नेतृत्व ने नायडू के दावों को खारिज कर दिया और उन्हें ₹राजनीतिक भटकाव₹ करार दिया। वाईएसआरसीपी नेता और पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी ने जोर देकर कहा कि नायडू मंदिर मुद्दे का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की रणनीति के लिए भगवान के नाम का इस्तेमाल करना निंदनीय है। इन आरोपों के सामने आने के बाद से आंध्र प्रदेश में राजनीतिक माहौल गरमा गया है।

## कर्नाटक हाई कोर्ट सिद्धारमैया को लगा बड़ा झटका, गवर्नर के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**बेंगलूरु :** कर्नाटक उच्च न्यायालय से मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को बड़ा झटका लगा है। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने सिद्धारमैया द्वारा दायर एक याचिका को खारिज कर दिया है। पूरा ममला टवऊअ लैंड स्कैम से जुडा हुआ है। सिद्धारमैया द्वारा दायर एक याचिका में साइट आवंटन मामले में उनके खिलाफ जांच के लिए राज्यपाल की मंजूरी को चुनौती दी गई थी। यह मामला सिद्धारमैया के पिछले कार्यकाल के दौरान अनियमितताओं के आरोपों से संबंधित है, जहां उन पर मानदंडों का उल्लंघन करके प्रमुख भूमि के आवंटन को सुविधाजनक बनाने का आरोप लगाया गया था। मुख्यमंत्री ने एक प्रमुख इलाके में मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) द्वारा अपनी पत्नी को 14 साइटों के आवंटन में कथित अनियमितताओं में उनके खिलाफ जांच के लिए राज्यपाल थावरचंद गहलोत द्वारा दी गई मंजूरी को चुनौती दी थी।

# जेसीबी की चपेट में आने से अधेड़ की मौत, ग्रामीणों ने की सड़क जाम



**धनबाद :** धनबाद जिला अंतर्गत कतरास थाना क्षेत्र में तिलाताल अस्पताल गेट के समीप मंगलवार सुबह एक 50 वर्षीय अधेड़ की मौत जेसीबी की चपेट में आने से हो गयी। वह साइकल से भटमुरना गांव की ओर जा रहा था उसी वक्त यह हादसा हो गया। मृतक की पहचान कांको बस्ती स्थित हाडी टोला का रहने वाला तारा नपित के रूप में हुई है। आसपास के लोगों ने जेसीबी चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दी है।

**अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरे तो जेसीबी ने लिया चपेट में :** बताया जाता है कि मृतक साइकल से धनबाद के भटमुरना गांव की ओर जा रहा था। तभी वह अनियंत्रित होकर गिर पड़े। उसी वक्त पीछे से आ रही जेसीबी ने उसे चपेट में अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद जेसीबी चालक मौका पाकर भागने लगा। आसपास के लोगों ने पीछा कर जेसीबी चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। बाद घटना की सूचना परिजनों को दी गयी। जानकारी मिलने के बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दी है।

**काम पर जाने की बात कहकर घर से निकला था बाहर :** परिवार के सदस्यों ने बताया कि मृतक काम पर जाने की बात कहकर घर से निकला था। 20 साल ही उनकी शादी हुई थी। वह चार भाईयों में सबसे बड़ा था। जिसमें एक भाई की मौत पहले हो चुकी है। परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों उन्हें ढांढस बांधने में लगे हुए हैं। दूसरी तरफ पुलिस सड़क जाम में शामिल ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास कर रही है। वहीं, जेसीबी को अपने कब्जे में ले लिया है। सड़क जाम होने की वजह से राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## लैंड स्कैम : तलहा खान की बेल पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**रांची :** जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपी तलहा खान की जमानत याचिका पर रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। ईडी और बचाव पक्ष की ओर से बहस पूरी सुनने के बाद अदालत ने बेल पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। तलहा की ओर से अधिवक्ता स्नेह सिंह और एऊ की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका जी ने बहस की। इससे पहले तलहा खान ने बेल के लिए झारखंड हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन दोनों ही कोर्ट ने उसे बेल देने से इनकार कर चुका है। बता दें कि तलहा खान को एऊ ने 13 अप्रेल 2023 को गिरफ्तार किया था। उस पर सेना के कब्जे वाली जमीन समेत रांची के अलग अलग इलाकों में विवादित भूमि की फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खरीद-बिक्री में शामिल होने का आरोप है।

## पतरातू में हाथियों के झुंड से दहशत में लोग ग्रामीणों ने वन विभाग पर लगाया आरोप

**रामगढ़:** जिले के पतरातू थाना क्षेत्र के (तालाटांड़) पलानी में 23 जंगली हाथियों का झुंड देखने को मिला है, जिसके बाद से क्षेत्र के लोगों में काफी दहशत बना हुआ है। वहीं, हाथी को देखने और उसके साथ सेल्फी लेने के लिए कुछ लोग हाथी के नजदीक जा रहे थे।

बताया जा रहा है कि हाथियों का झुंड रांची जिले के बुढ़मू में डेरा डाले हुए था, जो जंगल के रास्ते पलानी (तालाटांड़) में हाथियों का झुंड पहुंच गया। हाथियों के झुंड में 3 बच्चे के साथ 19 बड़े हाथी और हथिनी शामिल है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों का झुंड जंगल के पास खेतों में घुसकर धान खा जा रहा है। साथ ही आसपास की फसलों को भी बर्बाद कर रहा है। हाथी ग्रामीण इलाके या शहर की ओर न आए, इसके लिए ग्रामीणों द्वारा खुद इंतजाम किया जा रहा है। हाथियों को सेफ रूट से उनके रास्ते में कोई रुकावट न आए, इसका भी प्रयास किया जा रहा है।

# इजरायली हवाई हमलों ने लेबनान में मचाई तबाही, 24 बच्चों समेत 356 की मौत, 1200 से अधिक घायल



**यरूशलम/बेरूत :** इजरायल ने लेबनान में हाल के दिनों का अपना सबसे बड़ा हवाई हमला किया, जिसमें कम से कम 356 लोग मारे गए और 1,246 से अधिक घायल हो गए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इस बीच इजरायली सेना का कहना है कि वो हमले के अगल चरण की तैयार कर रही है।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने लेबनानी स्वास्थ्य अधिकारियों के हवाले से बताया कि सोमवार को इजरायली हवाई हमलों में मरने वालों में 24 बच्चे और 42 महिलाएं शामिल हैं कई पीड़ितों की पहचान अभी भी नहीं हो पाई है।

लेबनान में इजरायल के व्यापक हवाई हमलों ने इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष को चरम पर पहुंचा दिया है। इससे व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष छिड़ने की आशंका बढ़ गई है।

दुश्मनी बढ़ने का कारण पिछले सप्ताह लेबनान में पेजर और वॉकी-टॉकी को निशाना बनाकर किए गए रहस्यमय विस्फोट हैं। इनमें कई लोग मारे गए और हजारों की संख्या में लोग घायल हो गए।

इजरायल के सैन्य प्रमुख हजी हलेवी ने सोमवार शाम को घोषणा की कि देश अपने सैन्य अभियान के 'अगले चरणों' की तैयारी कर रहा है।

हलेवी ने बताया कि इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने दक्षिणी और पूर्वी लेबनान में लगभग 1,100 टारगेट को निशाना बनाया। उन्होंने कहा, हम लक्ष्यों पर हमला कर रहे हैं और अगले चरणों की तैयारी कर रहे हैं।

सोमवार को ही, बेरूत में इजरायली हवाई हमलों में हिजबुल्लाह के वरिष्ठ कमांडर अली कार्की को निशाना बनाया गया। कार्की को इजरायली मीडिया में हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह का 'अंतिम डिप्टी' के तौर पर संबोधित किया जाता है। बाद में हिजबुल्लाह ने कहा कि वह 'पूरी तरह स्वस्थ है और उसे सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल उत्तर में 'सुरक्षा संतुलन' को बदलने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने सोमवार को सुरक्षा आकलन बैठक के दौरान नसरल्लाह को कड़ी चेतावनी भी दी, जिसमें कहा गया कि 'हर कोई निशाने पर है।

इजरायल हमले लेबनान में व्यापक विनाश और विस्थापन का कारण बने हैं। टायर, नबातिह और इकलिम अल-तुफा जैसे शहरों से निवासियों को बेरूत और माउंट लेबनान की ओर भागना पड़ रहा है। इजरायली हमलों के जवाब में, हिजबुल्लाह ने पूरे सोमवार को उत्तरी इजरायल की ओर 180 से अधिक रॉकेट दागे। यह जानकारी इजरायल की सेना दी और कहा कि हवाई रक्षा प्रणालियों ने कुछ रॉकेट्स को रोक दिया, जबकि अन्य इजरायली क्षेत्र में गिरे, जिससे आग लग गई। रेस्क्यू सर्विस के मैगन डेविड एडोम ने बताया कि छर्रे लगने से पांच लोग घायल हो गए। हिजबुल्लाह ने एक बयान में कहा कि उसने कई इजरायली सैन्य ठिकानों पर बमबारी की। इनमें इजरायली सेना की उत्तरी कोर का रिजर्व मुख्यालय और हाइफा के उत्तर में राफेल के सैन्य-औद्योगिक परिसर शामिल हैं।

## सुविचार

**दिल के सच्चे लोग भले ही जीवन में अकेले रह जाते हैं लेकिन ऐसे लोगों का साथ भगवान जरूर देता है।**

## कोई लूपहोल न रहे

**चाइल्ड** पॉर्नोग्रफी पर सोमवार को सुनाए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को अगर खुद मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने ऐतिहासिक बताया है तो यह बेवजह नहीं है। सर्वोच्च अदालत ने न केवल मद्रास हाईकोर्ट के संबंधित फैसले को पलट दिया बल्कि इस अपराध से जुड़े अलग-अलग पहलुओं पर बड़ी बारीकी से और उतने ही विस्तार से चर्चा की। यही नहीं, इस अपराध को देखे जाने के प्रचलित नजरिए में गंभीर संशोधन की जरूरत बताते हुए कोर्ट ने संसद को यह सुझाव भी दिया कि चाइल्ड पॉर्नोग्रफी के बदले 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' का इस्तेमाल किया जाए। इस अपराध को लेकर समाज के एक हिस्से में किस तरह का ढीला-ढाला रवैया अपनाया जाता है इसका कुछ अंदाजा मद्रास हाईकोर्ट के उस फैसले से भी होता है, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया। हाईकोर्ट ने 28 साल के व्यक्ति के खिलाफ दर्ज क्रिमिनल केस को यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि चाइल्ड पॉर्नोग्रफी के विडियो डाउनलोड करना या देखना अपने आप में अपराध नहीं। कोर्ट का यह भी कहना था कि आजकल बच्चों में पॉर्न देखना एक बड़ा मसला है और इन्हें दंडित करने के बजाय शिक्षित करने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने बच्चों के विक्टिमाइजेशन से जुड़े पहलुओं को अहमियत देते हुए इस मसले को देखा और समझा कि हाईकोर्ट के नजरिए में गंभीर खामियां हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगर कोई चाइल्ड पॉर्नोग्रफी के विडियो डाउनलोड करता है, देखता है और उसे डिलीट करने या रिपोर्ट करने में नाकाम होता है तो कानून के तहत उस पर केस बनता है। यह भी स्पष्ट हुआ कि इस कानून की धारा 15 के तहत आने वाली उपधाराएं (1), (2) और (3) एक दूसरे से स्वतंत्र हैं। यानी कोई मामला अगर किसी एक उपधारा के दायरे में नहीं आता तो भी वह दूसरी उपधारा के अंतर्गत आ सकता है। समाज के एक बड़े तबके में पॉर्न विडियो का फैलाव बढ़ गया है जो एक बड़ी समस्या है। इस वजह से इस तरह के डर की भी गुंजाइश बनती है कि अगर किसी के वट्सऐप पर कोई आपत्तिजनक विडियो आता है जो डिलीट होने से रह जाता है तो कहीं संबंधित व्यक्ति को अपराधी न मान लिया जाए। मगर यहां विडियो आने और उसे डाउनलोड करने और देखे जाने का फर्क याद रखने लायक है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले की खासियत यह भी है कि इसने कानूनी दृष्टि को वह बारीकी दी है जो ऐसे आपराधिक मकसद वाले मामलों को अन्य मामलों से अलग कर सके और अपराधियों को 'शिक्षित' करने की जरूरत की ढाल न लेने दे।

## बेहतरी की ओर

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडन ने विलमिंगट्न स्थित अपने निजी आवास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिस गर्मजोशी से स्वागत किया, वह दोनों नेताओं के बीच की पर्सनल केमिस्ट्री को ही नहीं, दोनों देशों के रिश्तों में बढ़ती करीबी को भी दिखाता है। पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब पूरी दुनिया की नजरें अगले नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव पर टिकी हैं। जनवरी तक वहां कमला हैरिस या डॉनल्ड ट्रंप में से कोई राष्ट्रपति पद पर विराजमान होंगे। लेकिन जैसा कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने पीएम मोदी को संबोधित करते हुए कहा, ह्यजब भी हम साथ बैठते हैं, सहयोग के नए-नए क्षेत्र तलाश लेते हैं और यह भी कि ह्यदोनों देशों के रिश्ते आज अतीत के किसी भी दौर के मुकाबले ज्यादा मजबूत हैं। दोनों देशों के द्विपक्षीय रिश्तों में निरंतर सुधार की यह प्रक्रिया यूं तो 21वीं सदी की शुरूआत से ही दिख रही है, लेकिन खासकर 2006 में हुए परमाणु ऊर्जा समझौते के बाद इसमें खासी तेजी आई। उस समय से दोनों देशों में न सिर्फ राष्ट्राध्यक्ष और शासनाध्यक्ष बल्कि सत्तारूढ़ दल भी बदलते रहे। जहां भारत में कांग्रेस के डॉ. मनमोहन सिंह के बाद इखढ के नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने, वहीं अमेरिका में जॉर्ज बुश के बाद तीन अलग-अलग राष्ट्रपति- बराक ओबामा, डॉनल्ड ट्रंप और जो बाइडन- सत्ता संभाल चुके, लेकिन इस बीच दोनों देशों के रिश्ते लगातार बेहतर ही होते रहे। इस बार भी पूर्व राष्ट्रपति और मौजूदा चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डॉनल्ड ट्रंप पीएम मोदी के अमेरिका पहुंचने से पहले ही उनसे मुलाकात की इच्छा जता चुके हैं। यह इस बात का संकेत है कि भारतीय प्रधानमंत्री में वहां के नागरिकों और वोटरों की भी खासी दिलचस्पी है। हालांकि भारत की तरफ से अभी तक इस मुलाकात की संभावना पर कुछ नहीं कहा गया है। वजह यह है कि चुनाव से पहले किसी खास दल के प्रत्याशी से पीएम मोदी की मुलाकात के गलत संकेत जा सकते हैं। और इस बात की गुंजाइश नहीं लग रही कि रिपब्लिकन और डेमोक्रैट दोनों प्रत्याशियों से पीएम मोदी की मुलाकात का मौका बन पाएगा। बहरहाल, यूक्रेन युद्ध पर भारत का संतुलित रुख, क्वॉड के मंच की लगातार मजबूत होती भूमिका, चीनी आक्रामकता पर अंकुश लगाने की साझा जरूरत जैसी बातों से भी जाहिर होता है कि छोटे-मोटे तात्कालिक विवाद भले उपजते और हल होते रहें, भारत और अमेरिका के आपसी रिश्ते आने वाले समय में और बेहतर होने वाले हैं।

# आयुष्मान भारत : भारत की स्वास्थ्य यात्रा में मील का पत्थर

55 करोड़ से अधिक लोग योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आज पात्र हैं। अभी तक 7.5 करोड़ से अधिक सफल उपचार प्रदान किए गए हैं जिस पर 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का खर्च हुआ है। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। जो परिवार स्वास्थ्य खर्च के कारण गरीबी में धकेल दिए जाते थे, उनके लिए अब यह योजना वित्तीय ढाल साबित हो रही है।

**जगत प्रकाश नड्डा**

**आयुष्मान** भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (अइ -ढटखअ) की छठी वर्षगांठ गर्व और चिंतन का क्षण है। सितंबर 2018 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू की गई एबी-पीएमजेएवाई आज दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा योजना में से एक बन चुकी है। यह योजना इस सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ती है कि सभी नागरिकों, विशेष रूप से सबसे कमजोर वर्गों, के लिए समान स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई जाए। पिछले छह वर्षों में इस महत्वाकांक्षी योजना ने लाखों जिंदगियों को छुआ है, उन्हें आशा, उपचार और कई मामलों में जीवनरक्षक उपचार प्रदान किया है। एबी-पीएमजेएवाई की यात्रा इस बात का प्रमाण है कि एक राष्ट्र जब अपने लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने के लक्ष्य के साथ एकजुट होता है तो क्या कुछ हासिल कर सकता है।

आयुष्मान भारत का मुख्य मिशन यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी भारतीय अपनी वित्तीय स्थिति के कारण स्वास्थ्य सेवा से वंचित न रहे। माध्यमिक और तृतीयक अस्पताल देखभाल को कवर करने के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपये के वार्षिक कवरेज के साथ, एबी-पीएमजेएवाई ने आर्थिक रूप से वंचित परिवारों को देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में मुफ्त में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने का साधन प्रदान किया है। हाल ही में भारत सरकार द्वारा 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के आय वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों के लिए एबी-पीएमजेएवाई के लाभों का विस्तार करने का निर्णय लिया गया है, जो हमारे देश में बदलते जनसांख्यिकीय परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे पहले, हमारे सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, जैसे आशा बहनों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सहायकों के परिवारों को योजना के दायरे में लाया गया था।

55 करोड़ से अधिक लोग योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आज पात्र हैं। अभी तक 7.5 करोड़ से अधिक सफल उपचार प्रदान किए गए हैं जिस पर 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का खर्च हुआ है। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। जो परिवार स्वास्थ्य खर्च के कारण गरीबी में धकेल दिए जाते थे, उनके लिए अब यह योजना वित्तीय ढाल साबित हो रही है। योजना के तहत लाभार्थी किसानों से लेकर दैनिक मजदूरों तक के कथन इस बात का प्रमाण है कि यह योजना उन्हें आर्थिक परेशानी से बचा रही है। इस मायने में, आयुष्मान भारत ने वास्तव में अपने वादे को पूरा किया है।

इस योजना में उपचार का दायरा बहुत व्यापक है, जो 1900 से अधिक चिकित्सा प्रक्रियाओं को कवर करता है, जिनमें हृदय बाईपास या ज्वाइंट रिप्लेसमेंट जैसी जटिल सर्जरी से लेकर कैंसर और गुर्दे की बीमारियों के उपचार तक शामिल हैं। ये ऐसे उपचार हैं जो पहले तमाम लोगों के लिए पहुंच से बाहर थे, लेकिन अब एबी-पीएमजेएवाई ने उन्हें सुलभ, किफायती और सभी के लिए उपलब्ध बना दिया है।

**विस्तृत नेटवर्क और मजबूत सिस्टम :** एबी-पीएमजेएवाई की एक विशेषता इसका मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रदाता नेटवर्क तैयार करने की क्षमता रही है। आज, भारत भर के 29,000 से अधिक अस्पताल, जिनमें 13,000 से अधिक निजी अस्पताल शामिल हैं, योजना के तहत सूचीबद्ध हैं। यह नेटवर्क ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों तक फैला हुआ है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि देश के सबसे दूरस्थ हिस्सों में रहने वाले लोग भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्राप्त कर सकें। योजना की अद्वितीय पोर्टेबिलिटी सुविधा ने यह सुनिश्चित किया है कि लाभार्थी अपने राज्य के अलावा देश भर के अस्पतालों में इलाज करवा सकते हैं। इस विशाल नेटवर्क को एक मजबूत आईटी बुनियादी ढांचे द्वारा समर्थित किया गया है जो दावों के निपटान में पारदर्शिता, दक्षता और गति सुनिश्चित करता है। आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन और पेपरलेस क्लेम प्रोसेसिंग के कार्यान्वयन ने धोखाधड़ी और अक्षमता को काफी हद तक कम किया है, जो अक्सर ऐसी बड़ी सार्वजनिक कल्याण योजनाओं में एक बड़ी चुनौती होती है।

आयुष्मान भारत की सफलता ने स्वास्थ्य सेवा पारिस्थितिकी तंत्र के अन्य हिस्सों में भी सुधार को उत्प्रेरित किया है। योजना के गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पर जोर ने सार्वजनिक और निजी दोनों अस्पतालों को अपने बुनियादी ढांचे और सेवाओं को उन्नत करने के लिए प्रेरित किया है। इसके अतिरिक्त, इसने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण विकसित किया है, जो प्रदाताओं को रोगी कल?याण को बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

**समग्र स्वास्थ्य सेवा :** आयुष्मान भारत सिर्फ माध्यमिक और तृतीयक स्तरीय अस्पताल चिकित्सा के बारे में नहीं है। एबी-पीएमजेएवाई के साथ-साथ, सरकार आयुष्मान आरोग्य मंदिर (अअट) के निर्माण के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर भी काम कर रही है। ये स्वास्थ्य केंद्र सुरक्षात्मक और प्रोत्साहक स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य जनसंख्या में कुल रोगों के भार को कम करना है। अब तक, पूरे भारत में 1.73 लाख से अधिक अअट स्थापित किए जा चुके हैं, जो सामान्य बीमारियों और मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कैंसर जैसी चिरकालिक परिस्थितियों के लिए मुफ्त स्क्रीनिंग, निदान और दवाएं प्रदान कर रहे हैं। ये केंद्र व्यापक और समग्र स्वास्थ्य देखभाल मॉडल की ओर हमारे प्रयास के केंद्र में हैं। कल्याण (वेलनेस) और प्रारंभिक निदान को बढ़ावा देकर, हम अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता को कम करने और स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को लंबे समय में और अधिक स्थाई बनाने की उम्मीद करते हैं।

**चुनौतियों को पार करके आगे बढ़ना :** आयुष्मान भारत की उपलब्धियों का हर्ष मनाते हुए हमें आगे आने वाली चुनौतियों को भी स्वीकार करना चाहिए। योजना का पैमाना विशाल है और इसके साथ इसे लगातार अनुकूलित, परिष्कृत और सुधारने की जिम्मेदारी आती है। हम योजना की पहुंच को बढ़ाने, अस्पतालों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और हर लाभार्थी को प्रदान की जाने वाली चिकित्सा सेवा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। आगे बढ़ते हुए, हम आयुष्मान भारत को मजबूत करना जारी रखेंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि यह भारत की समग्र, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा की यात्रा में सबसे आगे बना रहे। हम योजना के तहत कवर किए गए उपचारों की सूची का विस्तार करने, सूचीबद्ध अस्पतालों की संख्या बढ़ाने और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के सफल निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**स्वस्थ भारत का सपना :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के रूप में मेरा दृढ़ विश्वास है कि किसी भी राष्ट्र का स्वास्थ्य उसकी समृद्धि की नींव है। स्वस्थ जनता देश के विकास, उत्पादकता और नवाचार में योगदान करने में सक्षम होती है। आयुष्मान भारत इस स्वस्थ, मजबूत और विकसित भारत की संकल्पना का केंद्र है। अब तक की योजना की सफलता सरकार, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और लोगों के बीच की गई कड़ी मेहनत, समर्पण और सहयोग को दशार्ती है। हम प्रत्येक नागरिक के कल्याण और स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्ध हैं। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की छठी वर्षगांठ पर आइए हम सभी नागरिकों के लिए एक समावेशी, सुलभ और सहानुभूतिपूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराएं। हम आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ भारत के निर्माण की यात्रा को जारी रखेंगे।

**(लेखक, केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री हैं।)**

# श्रद्धा के बिना अधूरा है श्राद्ध

हिन्दू धर्म में मान्यता है कि पितृ पक्ष के दिनों में यमराज आत्मा को मुक्त कर देते हैं ताकि वे अपने परिजनों के यहां जाकर तर्पण ग्रहण कर सकें। ऐसी ही मान्यताओं के अनुसार पितृ पक्ष के दिनों में पितर नीचे पृथ्वी पर आते हैं और बिना किसी आह्वान के अपने वंशजों के घर किसी भी रूप में जाते हैं।

**- योगेश कुमार गोयल**

हिंदू धर्म में पितृ पक्ष (श्राद्ध) को अहम माना गया है। श्राद्ध का अर्थ होता है ह्यश्रद्धापूर्वकह्ण हमारे संस्कारों और पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने को ही श्राद्ध कहा जाता है। सरल शब्दों में कहें तो दिवंगत परिजनों को उनकी मृत्यु तिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किया जाना ही श्राद्ध है। ब्रह्मपुराण के अनुसार उचित काल या स्थान पर पितरों के नाम जो भी वस्तु उचित विधि द्वारा श्रद्धापूर्वक ब्राह्मणों को दी जाए, वह श्राद्ध कहलाता है। पितृ पक्ष को हिन्दू धर्म में ह्यमहालयह्ण या ह्यकनागतह्ण के नाम से भी जाना जाता है। माना जाता है कि पितृ पक्ष के दौरान पिंडदान, तर्पण कर्म और ब्राह्मण को भोजन कराने से पूर्वज प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं। पितृ पक्ष में लोग अपने पूर्वजों को याद कर उनकी आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध कर्म, पिंडदान और तर्पण करते हैं।

हिन्दू धर्म में मृत्यु के पश्चात पितरों की याद में श्राद्ध किया जाता है और उनकी मृत्यु की तिथि के अनुसार ही श्राद्ध की तिथि निर्धारित की जाती है। पिंडदान करने के लिए हरिद्वार और गया को सर्वोत्तम माना गया है। वैसे हिन्दू धर्म के अलावा ईसाई, इस्लाम और बौद्ध धर्म में भी अपने पूर्वजों को याद रखने की प्रथा है। पश्चिमी जगत में जहां पूर्वजों की स्मृति में मोमबत्तियां जलाने की प्रथा है, वहीं ईसाई धर्म में व्यक्ति के निधन के चालीस दिनों पश्चात सामूहिक भोज की रस्म की जाती है। इस्लाम में चालीस दिनों बाद कब्र पर फातिहा पढ़ने और बौद्ध धर्म में भी पूर्वजों की याद में कुछ ऐसे ही प्रावधान देखने को मिलते हैं।




हिन्दू धर्म में मान्यता है कि पितृ पक्ष के दिनों में यमराज आत्मा को मुक्त कर देते हैं ताकि वे अपने परिजनों के यहां जाकर तर्पण ग्रहण कर सकें। ऐसी ही मान्यताओं के अनुसार पितृ पक्ष के दिनों में पितर नीचे पृथ्वी पर आते हैं और बिना किसी आह्वान के अपने वंशजों के घर किसी भी रूप में जाते हैं। ऐसे में यदि उन्हें तृप्त नहीं किया जाए तो उनकी आत्मा नाराज होकर अतृप्त लौट जाती है। माना गया है कि यदि पितर नाराज हो जाएं तो जिंदगी मुसीबतों से भर जाती है। इसलिए शास्त्रों में पितरों का श्राद्ध विधिपूर्वक करना जरूरी बताया गया है। मान्यता है कि यदि पितर खुशी-खुशी वापस जाते हैं तो अपने वंशजों को दिए गए उनके आशीर्वाद से घर-परिवार में सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी होती है।

पितृ पक्ष के दौरान शुभ और मांगलिक कार्य वर्जित रहते हैं। पितृ पक्ष में सगाई, विवाह, मुंडन, गृहप्रवेश, परिवार के लिए महत्वपूर्ण चीजों की खरीददारी, नए कपड़े खरीदना, नया कार्य शुरू करना इत्यादि कोई भी शुभ कार्य करना अच्छा नहीं माना जाता। जिंदगी में सफलता के लिए मेहनत, किस्मत, ईश्वरीय कृपा के साथ-साथ पूर्वजों का आशीर्वाद भी बेहद जरूरी होता है और धर्म एवं ज्योतिष शास्त्र के अनुसार पूर्वजों को सम्मान देने से वे प्रसन्न होते हैं तथा पूरे परिवार पर कृपा करते हैं। इसीलिए हमारे दिवंगत परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पितृ पक्ष में तर्पण-श्राद्ध किया जाता है। पितृ पक्ष में पितरों को जल देने की विधि को तर्पण कहा जाता है।

ज्योतिष शास्त्र में पितृ दोष को अशुभ फल देने वाला माना गया है और शास्त्रों के अनुसार पितृ पक्ष में पितरों का तर्पण करने से पितृ दोष से आने वाली परेशानियां दूर होती हैं तथा पितरों का आशीर्वाद मिलता है। देव ऋण, ऋषि ऋण तथा पितृ ऋण का हिन्दू धर्म में विशेष महत्व है और पितृ पक्ष में माता-पिता के प्रति तर्पण करके श्रद्धा व्यक्त की जाती है क्योंकि पितृ ऋण से मुक्त हुए बिना जीवन निरर्थक माना जाता है। सनातन धर्म के अनुसार देव ऋण, ऋषि ऋण और पितृ ऋण से मुक्ति पाए बिना व्यक्ति का पूर्ण कल्याण असंभव है। ऋषि ऋण से स्वाध्याय के जरिये, देवऋण से यज्ञ के जरिये और पितृ ऋण से श्राद्ध तथा तर्पण द्वारा मुक्ति प्राप्त हो सकती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार श्राद्ध पक्ष में पितरों से संबंधित कार्य करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। महर्षि वेद व्यास के अनुसार जो व्यक्ति श्राद्ध द्वारा अपने पितरों को संतुष्ट करता है, वह पितृ ऋण से मुक्त होकर ब्रह्मलोक को जाता है।

महर्षि जाबालि के अनुसार अपने पितरों का श्राद्ध करने वाले व्यक्ति को पुत्र, आयु, आरोग्य, ऐश्वर्य और इच्छित फल की प्राप्ति होती है। श्राद्ध पक्ष के दौरान दिन में सोना, असत्य भाषण, रति क्रिया, सिर और शरीर पर तेल, साबुन, इत्र आदि लगाना, मदिरापान करना, लड़ाई-झगड़ा, वाद-विवाद, अनैतिक कृत्य तथा किसी भी जीवधारी को कष्ट पहुंचाना निषेध माना गया है। पितृपक्ष को लक्ष्मी और ज्ञान की साधना के लिए उत्तम काल माना गया है। पितरों के निमित्त आयोजित किए जाने वाले पितृ पक्ष को आत्मबोध के लिए भी अति उत्तम तथा जीवन के संघर्ष को उत्कर्ष में परिवर्तित करने का समय माना गया है। हिन्दू धर्म ग्रंथों के अनुसार श्रद्धा से किया गया श्राद्ध पूर्वजों तक पहुंचे या न पहुंचे लेकिन यह जीवन में उन्नति और प्रगति के द्वार अवश्य खोल सकता है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# तेज हवा की गुस्ताखियां

## व्यंग्य

बरसात की परेशानियां खत्म नहीं हुई उधर तेज हवाओं ने भी मोर्चा संभाल लिया है। इतनी बड़ी, भारी, महंगी विशाल मूर्ति को तोड़ दिया। सशक्त जाँच टीमें गठित कर दी गई है। जांच तो होगी ही क्यूंकि जांच होनी ही चाहिए वैसे इस बारे ज्यादा संशय नहीं है कि जांच में क्या निकलेगा। अरे हां, एफआईआर भी दर्ज कर दी गई है। वैसे यह दिलचस्प है कि कई इंसानी मामलों में एफआईआर इतनी जल्दी और आसानी से दर्ज नहीं हो सकती। इससे यह साबित होता है कि हमारे समाज में मूर्तियों की साख और प्रभाव ज्यादा है।

मूर्तिपूजक समाज से ऐसी ही उम्मीद करनी चाहिए। सम्बंधित दोषियों ने अपने बचाव के लिए राजनीतिक, धार्मिक और आर्थिक प्रबंध शुरू कर दिए होंगे। इंसान नहीं मूर्ति का मामला है इसलिए जांच ज्यादा बेहतर तरीके से की जाएगी। ऐसा होना भी जरूरी है क्यूंकि मूर्ति की कीमत करोड़ों में है। इंसान की कीमत इतनी हो नहीं सकती। हो सकता है कुछ समझदार व्यक्तियों की टीम का गठन करके मूर्ति की कीमत दोबारा आंकी जाए। यह जिम्मेदार प्रशासन की व्यावहारिक परेशानी है कि इतनी बड़ी प्रतिमा को आनन और फानन में दोबारा स्थापित भी नहीं कर सकते। वैसे लोकप्रिय सरकार ने, विपक्ष द्वारा भ्रष्टाचार के ज्यादा भारी आरोपों के मद्देनजर उचित निर्णय लेते हुए अविलम्ब घोषणा कर दी कि इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी। यह सही कार्य इसलिए किया कि न सिर्फ विपक्ष के आरोपों की धार कुंद हो सके बल्कि सार्वजनिक निर्माण में किसी भी किस्म की लापरवाही और उदासीनता बरतने वालों को यह कठोर संदेश जाए कि वे किसी भी सूरत में बख्शे नहीं जाएंगे। राजनीति, सामयिक समझदारी से काम करती है। बाल काले कर, साफ सुथरे कपडे पहनकर वक्तव्य देती है। इस बार जांच की जरूरत को खत्म करते हुए स्पष्ट बता दिया गया कि तेज हवाओं ने जान बूझकर इस मूर्ति को तोड़ा है। तेज हवाएं भी प्राकृतिक आपदा ही हैं और सब जानते हैं कि प्राकृतिक आपदाओं से कोई नहीं बच सकता। तेज हवा के कारण निर्माण सामग्री की गुणवत्ता से समझौते बारे पता करने की जरूरत नहीं रहती। तेज हवा, राजनीतिक दबाव में जल्द से जल्द कार्य करने की प्रवृति भी उजागर नहीं होने देती। कमबख्त हवा यह भी विचार नहीं करती कि हमारे सभ्य समाज में प्रतिमा बनाकर पुरखों का कितना सम्मान किया जाता है।

**- एस उत्सुक**

# पत्र

## हरियाणा में अपनों ने बढ़ाई बीजीपी की मुश्किल

**टिकट** वितरण के समय राजनीतिक दलों में असंतोष नया नहीं, लेकिन हरियाणा बीजेपी में जो कुछ हो रहा है, उसे असंतोष नहीं, बगावत कहना सही होगा। जैसे-जैसे प्रत्याशियों की लिस्ट आती गईं, बगावत के स्वर मुखर होते गए। बेशक, दस साल बाद सत्ता में वापसी की आस लगा रही कांग्रेस को भी इससे बीजेपी पर तंज करने का मौका मिल गया है, लेकिन नहीं भूलना चाहिए कि खुद कांग्रेस भी हरियाणा में लंबे वक्त से गुटबाजी का शिकार रही है और वह इस बार प्रत्याशियों की घोषणा बहुत सावधानी के साथ कर रही है। हरियाणा बीजेपी आज जिस तरह की बगावत का सामना कर रही है, शायद ही यहां उसके साथ पहले ऐसा हुआ हो। इसकी वजह भी है। चार मंत्रियों समेत 15 विधायकों के टिकट काटना सामान्य तो हरगिज नहीं है। 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में बीजेपी को पिछली बार 40 सीटें मिली थीं। यानी एक-तिहाई से भी ज्यादा विधायकों के टिकट काट दिए गए। लेकिन यह बात भी सही है कि ऐसी ही रणनीति दूसरे राज्यों में उसके लिए कारगर साबित हो चुकी है।

**एस ठाकुर, मांडर**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची, (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# गंगा के जलस्तर में तेजी से हो रही वृद्धि, कई गावों में घुसा बाढ़ का पानी

मेट्रो रेज

**साहिबगंज/उधवा :** गंगा के जलस्तर में फिर एक बार बढ़ोतरी होने से दियारा क्षेत्रों में बसे घरों में पानी तेजी से घुस रहा है। साथ ही सड़कों में भी पानी चढ़ने से लोगों का प्रखंड मुख्यालय से फिर संपर्क टूट गया है। महज पांच दिनों में पिछले बार का रिकॉर्ड तोड़ कर रख दिया है। खेत खलिहान घर द्वार सब जगह पानी ही पानी नजर आने लगा है। जानकारी के अनुसार प्रखंड अंतर्गत दक्षिण पालाशगछी पश्चिमी प्राणपुर, पूर्वी प्राणपुर, श्रीधर दियारा पंचायत में विभिन्न गांव बानू टोला टापू, मोहम्मद टोला चमाग्रम ग्राम, नया टोला कमर टोला सहित अन्य टोला व गांव में बाढ़ का पानी तेजी से घुस गया है। जिससे लोग प्रभावित हो रहें हैं।? खास कर टापु के लोग ज्यादातर प्रभावित हो रहें हैं। फिलहाल गंगा नदी की पानी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जिस तरह तेज गति से जल की स्तर में बढ़ोतरी हो रही है।लगता है कि बहुत ही बड़े पैमाने में बाढ़ हो सकती है। इसके लिए शासन प्रशासन को बाढ़ से निपटने के लिए पूरी तरह से तैनात रहने की जरुरत है। बाढ़ग्रस्त लोगों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से हटाकर दूसरे जगहों पर रखने की जरूरत है।



### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का अंचलाधिकारी ने किया दौरा

सोमवार को अंचलाधिकारी पवन कुमार ने प्रखंड क्षेत्र के दक्षिण पलाशगाछी, पश्चिमी प्राणपुर, पूर्वी प्राणपुर पंचायत व श्रीधर दियारा पंचायत के विभिन्न गांवों का दौरा किया। बाढ़ग्रस्त लोगों से मिलकर उनके हाल-चाल जाना। इस दौरान कई गांवों में बाढ़ग्रस्त लोगों से मिलकर घर में पानी घुसने से किस तरह से खाना पीना तैयार कर रहे है।जानकारी प्राप्त किया। लोगों ने बाढ़ से हो रही समास्या को सीओ को बताया। बाढ़ग्रस्त लोगों के बीच अंचलाधिकारी ने राशन वितरण करने की बात कही है।

## विद्यालयों में गुणवत्ता की धज्जियां उड़ाते हुए रंग-रोगन का काम जारी



मेट्रो रेज

**कसमार ।** झारखंड सरकार के भवन निर्माण एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में क्षेत्र के सभी विद्यालयों में रंग -रोगन का काम कराया जा रहा है । इस कार्यक्रम से विद्यालय में सुन्दरता को बढ़ावा मिल रहा है । लेकिन गुणवत्ता की धज्जियां उड़ाई जा रही है । विभाग इस बात की जानकारी से कोसों दूर है । उक्त बातों के संबंध में बताया जाता है कि जरीडीह प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में भवन का मरम्मती कराये बिना ही रंग -रोगन का काम ठीकेदारों के द्वारा किया जा रहा है । बांधडीह उतरी पंचायत अंतर्गत राजकीय कृत उच्च विद्यालय में भवनों को रिपेयरिंग नहीं कराया गया है । सभी टुटे हुए दीवारों के उपर रंग -रोगन एवं पेंटिंग किया जा रहा है । एक ओर से पेंटिंग जारी है । दुसरी ओर छत से , दीवारों से सीमेंट के टुकड़े गिरता जा रहा है । ऐसी स्थिति में यह कार्यक्रम सरकार की योजना से भविष्य में कोई फायदा नहीं होने वाला है । यह सरकारी रुपए की बरबादी हो रही है । इस संबंध में विभाग के द्वारा उच्च स्तरीय जांच कराते हुए भवनों की गुणवत्ता को बनाए रखने का प्रयास किया जाना चाहिए । पंचायत मुखिया प्रतिनिधि बलराम तिवारी ने कहा कि शीघ्र ही इसकी गुणवत्ता की जांच कराये जाने के लिए उपायुक्त बोकारो से मांग किया जायेगा ।

# पेड़- पौधा लगाए वातावरण व पर्यावरण को हरा भरा बनाएं : डीएफओ

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** पेड़ पौधा लगाए वातावरण को शुद्ध और पर्यावरण को हरा भरा बनाए उक्त बाते वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग ने कही। गंगा मिशन कोलकाता साहिबगंज की ओर से सोमवार को भरतिया रोड़ स्थित बाबूलाल नंदलाल बोहरा चैरिटेबल ट्रस्ट परिसर में मध्य विद्यालय तालाब स्कूल और उत्क्रमित कन्या नगरपालिका विद्यालय के सैकड़ों बच्चो के बीच फलदार पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि डीएफओ प्रबल गर्ग ने स्कूली बच्चो को आम,कटहल,अमरूद, बेल,अनार,शरीफा का पौधा स्कूली बच्चो को दिया।वही डीएफओ ने स्कूली छात्रों से वार्ता किए।पेड़ पौधा से रिलेटेड कुछ सवाल किए,जिसका जवाब स्कूली बच्चो ने दिया।वही डीएफओ ने कहा कि बच्चे अपने जन्मदिन या किसी शुभ कार्य में एक फलदार पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल करके बड़ा करे। जब वो फल देगा तो सभी परिवार के सदस्य उसे खाए। बेहद आनंद मिलेगा।एक पेड़ हमे मुफ्त में ऑक्सीजन,फल,फल, पूजन के लिए पत्ते,जलावन की लकड़ी,शुद्ध स्वच्छ हवा,हरा भरा पर्यावरण,दवाई में उपयोग आने वाली सामग्री,घरेलू कार्य के लिए और पढ़ाई के लिए सामग्री देती है।अपने आस पास खाली जगह में पेड़ पौधा अवश्य लगाए।वही गंगा मिशन की ओर से डीएफओ प्रबल गर्ग व दोनो स्कूल के प्रधानाध्यापक को आम का पौधा देकर सम्मानित किया।वही नगरपालिका कन्या विद्यालय व मध्य विद्यालय तालाब के स्कूली छात्रों ने फलदार पौधा हाथो में लेकर जागरूकता रैली निकालकर शहरवासियों को पेड़ पौधा लगाने के लिए जागरूक किया।मौके पर तालझारी रेंजर पंचम दुबे,मंडरो रेंजर संजय कुमार,मॉडल डिग्री कॉलेज प्राचार्य डा रंजीत सिंह, जेएससीए डिस्ट्रिक्ट सब कमिटी चेयरमैन सह समाजसेवी चंद्रदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा,चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज अध्यक्ष राजेश अग्रवाल,सतीश सिन्हा,सुरेश निर्मल,निर्भय ओझा,बबलू चौधरी, आलोक भरतीया, सीए मनीष पोद्दार, राजेश गोगी, जगदीश नरसरिया, बबलू सिंह, प्रमोद पांडे, रत्न अग्रवाल, बच्चन कुमार पाठक, नगरपालिका कन्या विद्यालय व मध्य विद्यालय तालाब के प्रधानाचार्य, शिक्षक व सैकड़ो छात्र छात्राए उपस्थित थे।



# अपर समाहर्ता ने बाढ़ प्रभावित गांव के ग्रामीणों से की मुलाकात

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** अपर समाहर्ता गौतम भगत ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। श्री भगत ने साहिबगंज सदर प्रखंड के गंगा प्रसाद सहित कई अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर बाढ़ प्रभावित गांव के ग्रामीणों से मुलाकात की और ग्रामीणों की समस्या से रूबरू हुए।अपर समाहर्ता द्वारा बाढ़ में फंसे लोगों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया। जिनमे चूड़ा, गुड़ मोमबत्ती माचिस का वितरण किया गया।श्री भगत ने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन के द्वारा राशन की कमी नहीं होने दी जाएगी। समय - समय पर पदाधिकारियों द्वारा बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया जाता रहेगा।बाढ़ ग्रस्त इलाकों में फंसे लोगों से कहा कि वह अपने मवेशियों एवं आवश्यक सामग्री के साथ सुरक्षित स्थानों पर या जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए राहत शिविरों में प्रस्थान करें। वहीं श्री भगत ने बताया कि बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष नाव की व्यवस्था की गई है।दियारा क्षेत्रों में फंसे हुए लोगों को नाव के माध्यम से राहत शिविर ले जाने का कार्य किया जा रहा है। राहत शिविर जाने वाले नागरिकों को जिला प्रशासन द्वारा नाव उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा राहत शिविर की स्थापना की गई है, जिसमें जिला प्रशासन द्वारा रहने एवं भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।



## शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बेहतर होंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

मेट्रो रेज

**हजारीबाग।** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सुंदरीकरण समेत अन्य सुविधा बहाल करने को लेकर तीन करोड़ 15 लाख 55 हजार 900 रुपये खर्च किये जायेंगे। यह कार्य जिला परिषद द्वारा बीएमएफटी मद से होगा। मरीजों की स्वास्थ्य सुविधा, भवन मरम्मत और सुंदरीकरण पर खर्च होगा।

अस्पताल परिसर में मरीजों के लिए स्ट्रेचर, व्हील चेयर की खरीदारी, परिसर में पथ निर्माण और एक वार्ड से दूसरे वार्ड मरीजों को ले जाने के लिए स्ट्रेचर चलने लायक पथ बनाया जायेगा। इस पर 83 लाख 60 हजार 900 रुपये खर्च किया जायेगा। ट्रामा सेंटर और मरीज निबंधन भवन के सुंदरीकरण पर 53 लाख 39 हजार 300 राशि खर्च होगी. इसके अलावा लेबर रूम की व्यवस्था पर 36 लाख 40 हजार 900, आयुष भवन के उन्यन कार्य पर 11 लाख 81 हजार 600 खर्च किये जायेंगे। पुराना कैंटीन भवन को बेहतर बनाने के लिए 18 लाख 31 हजार 300 रुपये और जिला यक्ष्मा टीबी भवन पर 10 लाख 52 हजार 300, टीबी मरीजों के लिए यक्ष्मा वार्ड के उन्यन पर 21 लाख 97 हजार 900 खर्च होंगे. मॉडल रूटीन इमुनाइजेशन सेंटर पर 36 लाख 63 हजार 700, शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पुराना कैंटीन भवन के ऊपरी तल्ले में बहुदेशीय भवन निर्माण पर 23 लाख 31 हजार 800 रुपये खर्च होगा। अस्पताल परिसर में दो हाई मास्ट लाइट लगाने पर 19 लाख 56 हजार 200 रुपये खर्च होगा। यह लाइट ब्लड बैंक और पोस्टमार्टम हाउस के समीप लगाये जायेंगे। इन सभी योजनाओं के निर्माण के लिए जिला परिषद ने निविदा निकाली है। सभी कार्य चार से छह माह में पूरा करना है। इसका निविदा डालने की तिथि पांच से 12 अक्टूबर निर्धारित है। जिला परिषद के कार्यपालक अभियंता आशीष आनंद ने सोमवार को बताया कि निविदा कार्य पूरा होने के बाद निर्माण कार्य चालू किया जायेगा।

# यह पुस्तक आने वाले समय में रिसर्च के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा : अनिल

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** महाविद्यालय परिवार एवम टीचर एसोसिएशन अध्यक्ष, सचिव ने डॉ अनिल कुमार, विभागाध्यक्ष,रसायन शास्त्र स्नातकोत्तर विभाग साहिबगंज महाविद्यालय,साहिबगंज,सह प्रभारी प्राचार्य, साहिबगंज महाविद्यालय, साहिबगंज को उनके द्वारा रचित पुस्तक नैनो टेक्नोलॉजी कांसेप्टस, एप्लीकेशन एंड चैलेंजेस पर शुभकामनाएं दी।डॉ अनिल ने कहा यह पुस्तक आने वाले समय में रिसर्च के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।आधुनिक युग नैनो टेक्नोलॉजी का है।सभी क्षेत्रों में नैनो टेक्नोलॉजी कार्य करना शुरू कर दिया है।नैनो चिप,नैनो यूरिया,नैनो मेडिसिन,नैनो गैजेट्स आदि ने पूरे विश्व की परिदृश्य को बदल दिया हैं।यह पुस्तक साइंटिफिक इंटरनेशनल पब्लिशिंग हाउस (एस आई पी एच)तमिलनाडु से प्रकाशित हुआ है।इस पुस्तक में नैनो टेक्नोलॉजी की परिचय, कांसेप्ट, प्रॉपर्टीज सिंथेसिस, नैनो फेब्रिकेशन तकनीक, नैनो टेक्नोलॉजी की भूमिका मेडिसिन के क्षेत्रों में, नैनो टेक्नोलॉजी इन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन, पर्यावरण में नैनो टेक्नोलॉजी की भूमिका, एथिकल, लीगल, सोशल इंप्लीकेशन ऑफ नैनो टेक्नोलॉजी,भविष्य में नैनो टेक्नोलॉजी की भूमिका पर विस्तृत जानकारी पुस्तक में दी गई है।टीचर एसोसिएशन के अध्यक्ष,सचिव ने कहा यह उपलब्धि डॉ अनिल के कठिन लगन एवम परिश्रम का फल है। भविष्य में आने वाले समय में डॉ अनिल नई ऊंचाइयों पर जायेंगे और देश का नाम रोशन करेंगे। सभी ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।वज्ञात्तब हो की डॉ अनिल के कई पेटेंट बुक चैप्टर,लगभग110 इंटरनेशनल और नेशनल रिसर्च पेपर, इंटरनेशनल और नेशनल कांफ्रेंस में लगभग 61 पेपर पब्लिकेशन हुए है।डॉ अनिल गरीब छात्रों को हॉटस्पॉट केमिस्ट्री बाई डॉ अनिल कुमार यूट्यूब चैनल के द्वारा ज्ञानवर्धन का कार्य कर रहे है।डॉ अनिल का संक्षिप्त परिचर्चा,नैनो मेडिसिन पर रेडियो पर ए आई आर न्यूज रांची में प्रसारण 23 नवम्बर 2024 को जिले में आज कल साहिबगंज पर हुआ।मौके पर डॉ राजीव,डॉ मुंडा,डॉ प्रमोद,डॉ संजीव,डॉ ध्रुव ज्योति सिंह,डॉ धर्मेंद्र,प्रो मनोज गुप्ता, एवम यूजी और पीजी के छात्र देवव्रत कुमार,ऐश्वर्या प्रकाश, ऋषभ राज आदि मौजूद थे।



## न्यूज IN ब्रीफ

### पति के गुम होने की शिकायत महिला ने दर्ज करायी



**साहिबगंज :**नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुलीपाड़ा नवभारत सिनेमा हॉल गली निवासी प्रीति देवी ने पुलिस को आवेदन देकर पति विकास कुमार तांती के गुम होने की शिकायत की है।उन्होंने आवेदन में बताया कि 21 सितंबर शनिवार की सुबह लगभग 10 बजे उनके पति किसी काम से घर से बाहर निकले।अंतिम बार उनसे उसी दिन दोपहर लगभग 12 बजे बात हुई थी।उन्होंने कहा था कि अपने मित्र लॉरेंस मित्रा के पास बोरियो में हैं।काफी रात के बाद भी घर नहीं आये।फोन लगाने पर स्विच ऑफ आया।थोड़ी देर बाद दोबारा फोन स्विच ऑफ आया।इसके बाद से फोन स्विच ऑफ ही बता रहा है।इसके बाद सभी रिश्तेदारों व उनके दोस्तों के यहां पता लगाया।लेकिन उनकी कोई खबर नहीं मिली।पीड़िता ने पति के सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।वही पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय से चोरों ने पांच कंप्यूटर सहित बैटरी प्रिंटर की चोरी

**साहिबगंज :** जिरवाबाडी क्षेत्र के चानन गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय से चोरों ने पांच कंप्यूटर सहित बैटरी प्रिंटर की चोरी कर ली इसके कुल कीमत लगभग 3 लाख बताई जा रही है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश प्रसाद पासवान ने इसकी शिकायत जिरवाबाडी पुलिस से किया हैं। प्रधानाध्यापक ने बताया कि 20 सितंबर को स्कूल बंद कर घर चला गया ।21 और 22 को छुट्टी थी । 23 को सुबह दोबारा स्कूल खोला गया। दूसरी तल्ला में स्थित कंप्यूटर कक्ष में एक छात्र गया तो देखा कि एक भी कंप्यूटर नहीं है।तो इसकी सूचना हमें दी। सभी शिक्षक मिलकर देखने गए तो देखा कि कंप्यूटर कक्ष का दरवाजा का लॉक टूटा हुआ है। कंप्यूटर कक्ष से पांच कंप्यूटर एक प्रिंटर व आठ इंस्टॉल किया गया बैटरी गायब है। इधर थाना प्रभारी पंकज दुबे ने बताया कि चोरी की सूचना प्राप्त हुई है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### बाढ़ में डूबने से तीन वर्षीय बच्चे की मौत

**साहिबगंज :** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के शोभनपुर दियारा निवासी सुधीर चौधरी का तीन वर्षीय पुत्र राहुल कुमार बाढ़ का पानी में डूबने से मौत हो गई। मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार को सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पिता सुधीर चौधरी ने बताया कि पूरे क्षेत्र में बाढ़ आया हुआ है।राहुल को बास का बना मचान में सोलाकर उसकी मां कम कर रही थी इसी दौरान मचान से किसी तरह वह नीचे गिर गया और डूब गया। राहुल को मचान में नहीं देख उसकी मां चिल्लाने लगी और चारों तरफ खोजने लगी तभी मचान के नीचे उसका शव मिला। आसपास के ग्रामीण की भीड़ जुट गई और इसकी जानकारी मुफस्सिल थाना प्रभारी को दिया। इधर थाना प्रभारी ने बच्चों के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया जहां डॉक्टरों की गठित टीम ने पोस्टमार्टम किया। इधर स्वजनों का रो रो के बुरा हाल है।

### एनएसयूआई प्रतिनिधिमंडल ने छात्रों की समस्याओं को लेकर प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन


**साहिबगंज/बरहरवा :** सोमवार को साहिबगंज जिला अंतर्गत बीएसके कॉलेज बरहरवा में एनएसयूआई के कॉलेज महासचिव सोयेब अख्तर के नेतृत्व में प्राचार्य प्रभार को छात्रों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। महाविद्यालय में कुछ हफ्तों से ई कल्याण एवं अन्य छात्रवृत्ति के लिए बोनाफाइड वितरण किया जा रहा है। लेकिन सेमेस्टर 3 (2022-26) के विद्यार्थियों को वर्ष 2023-24 का बोनाफाइड ना देकर वर्ष 2024-25 का बोनाफाइड दिया जा रहा है जबकि ई कल्याण छात्रवृत्ति सेमेस्टर 3 के विद्यार्थियों को 2023-24 में भरना है। यदि कोई सेमेस्टर-3 की विद्यार्थी 2023-24 में ऑनलाइन करते हैं।तो सत्र गलत बताकर कल्याण विभाग डीएनओ की तरफ से पेंडिंग कर दिया जाता है। जबकि यह महाविद्यालय की गलती है जिसके कारण विद्यार्थियों को परेशानी हो रही है, छात्रवृत्ति से वंचित रह जाएंगे। यह छात्रों के साथ घोर अन्याय है, उनकी हक उनसे छिन जा रहा है।एनएसयूआई ने अनुरोध किया है कि यूजी सेमेस्टर-3 के विद्यार्थियों को 2023-24 की बोनाफाइड दिया जाए एवं जिन विद्यार्थियों को वितरण हो चुका है उन्हें संशोधित बोनाफाइड दिया जाए। आने वाले दो दिनों में छात्रों के साथ हो रही अन्याय को देखते हुए एनएसयूआई छात्रों के साथ मिलकर कॉलेज प्रांगण में आंदोलन करेगी। कॉलेज महासचिव सोयेब अख्तर बताया कि राज्य में विभिन्न विश्वविद्यालय में यूजी सेमेस्टर3 (2022-26) की सत्र देरी से चलने के कारण कल्याण विभाग द्वारा छात्रवृत्ति 2023-24 की आवेदन तिथि 15 सितंबर से बढ़कर 25 अक्टूबर 2024 तक कर दिया गया इसके बावजूद हमारे बीएसके महाविद्यालय में 2023-24 की बोनाफाइड नहीं दिया जा रहा। जबकि कल्याण विभाग हमें आवेदन करने की अनुमति दे रहा है एवं अन्य महाविद्यालय में भी इसी सत्र की बोनाफाइड दिया जा रहा है। ऐसा करके महाविद्यालय प्रशासन छात्रों का हक उनसे छीन रही है अगर ऐसा ही चला रहा तो आने वाले दो दिनों में बड़े पैमानों पर कॉलेज में आंदोलन होगी।मौके पर कॉलेज सचिव रहमान सदस्य अभिषेक गुप्ता, सरफराज आलम, वाकर अहमद, राहुल कुमार, सैयद रबीउल, अशफाक शेख, राजा यादव, दाऊद इब्राहिम, वसीम अकरम,मुबारक शेख, नसीमुद्दीन शेख एवं अन्य काई छात्र उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर हुई बैठक




**साहिबगंज :** जिला के बरहेट प्रखंड के भोगनाडीह में 25 सितंबर 2024 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कार्यक्रम प्रस्तावित है।उपायुक्त हेमंत सती, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से समहरणालय सभागार में मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के आगमन हेतु कार्यक्रम एवं सुरक्षा संबंधि को लेकर विचार विमर्श जिला स्तरीय सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक की।उपायुक्त ने सुरक्षा व विधि व्यवस्था, सेफ हाउस पार्किंग फोर्स डेप्लॉयमेंट सड़क सैनिटाइजिंग शिलान्यास उद्घाटन परिसंपत्तियों का वितरण व पूर्व में तैयारी के अनुरुप तैयारी सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्य को ससमय पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम भगत, सिविल सर्जन डॉ प्रवीण कुमार संथालीया,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णुदेव कच्छप, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद एवं जिला के वरिय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पुष्पा 2 का नया पोस्टर जारी, 75 दिनों बाद दिखेगा पुष्पा का धमाल



साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'पुष्पा 2ः द रूल' का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसके रोमांचक टीजर और गानों के रिलीज होने के बाद उत्साह नए आयाम छू रहा है। दर्शकों के लिए इस मेगा एंटरटेनर के लिए अब और इंतजार करना मुश्किल है। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म अब अपनी रिलीज से सिर्फ 75 दिन दूर है और जल्द ही दुनिया पुष्पा और उनके बेमिसाल जलवे को बड़े पर्दे पर देखेगी। इस बीच फिल्म के निमार्ताओं ने अपने सोशल मीडिया पर अल्लू अर्जुन का एक रोमांचक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें वे पुष्पराज के रूप में नजर आ रहे हैं, जिसमें उनका सिग्नेचर स्वैग साफ झलक रहा है। उन्होंने कैप्शन लिखा कि 75 दिन में दुनिया को पुष्पा और उनकी बेमिसाल आभा को बड़े पर्दे पर देखने का मौका मिलेगा। पुष्पा 2ः द रूल 6 दिसंबर 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। सुकुमार द्वारा निर्देशित और माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत टी सीरीज का है।

## 'ऑस्कर' में 'लापता लेडीज' के शामिल होने पर किरण राव ने कहा- शुक्रिया



किरण राव के निर्देशन में बनी फिल्म 'लापता लेडीज' को ऑस्कर पुरस्कारों के लिए चुना गया है। बतौर निर्देशक किरण राव की यह पहली फिल्म है, जिसे ऑस्कर पुरस्कार के लिए चुना गया है। ऑस्कर के लिए चुने जाने पर किरण राव ने अपनी पूरी टीम और दर्शकों का शुक्रिया अदा किया है। यह उत्तर प्रदेश के एक साधारण घर की महिलाओं की कहानी है। इस फिल्म की कहानी को काफी सराहा गया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छी सफलता हासिल की। इस संबंध में किरण राव ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर प्रतिक्रिया दी है। किरण राव ने अपने सोशल मीडिया पर कमेंट करते हुए कहा, 'मुझे बहुत खुशी है कि फिल्म लापता लेडीज को भारत की ओर से आधिकारिक तौर पर ऑस्कर में भेजने का फैसला लिया गया है। यह मेरी पूरी टीम की कड़ी मेहनत की पहचान है।' सिनेमा हमेशा दिमागों को जोड़ने, सीमाओं को पार करने और सार्थक बातचीत करने का एक सशक्त माध्यम रहा है। मुझे उम्मीद है कि यह फिल्म भारत की तरह दुनिया भर के दर्शकों को पसंद आएगी।' उन्होंने कहा, ₹इस साल हमारी फिल्म सभी अच्छी फिल्मों में से चुनी गई है, यह बहुत खुशी की बात है, क्योंकि हम सभी इसके हकदार हैं। मैं इस तरह का विश्वास दिखाने के लिए आमिर खान प्रोडक्शंस और जियो स्टूडियोज को दिल से धन्यवाद देती हूं। दर्शकों का प्यार और समर्थन हमारे लिए बहुत बड़ा समर्थन है। आपका विश्वास हमें नये कार्य करने की शक्ति देता है। इस अविश्वसनीय सम्मान के लिए एक बार फिर धन्यवाद। हम इसे आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं और बड़े उत्साह के साथ आगे की यात्रा पर निकलेंगे।

## गुजरात की रिया सिंघा ने जीता 'मिस यूनिवर्स इंडिया 2024' का ताज



मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का खिताब गुजरात की रिया सिंघा ने अपने नाम कर लिया है। प्रतियोगिता का आयोजन राजस्थान की राजधानी जयपुर में किया गया था। 2015 मिस यूनिवर्स इंडिया उर्वशी रौतेला ने रिया के सिर पर ताज रखा। अपनी सुंदरता और बुद्धिमत्ता से यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता जीतने पर रिया का परिवार बेहद गौरवान्वित है।

मिस यूनिवर्स 2024 का खिताब जीतने के बाद रिया सिंघा ने कहा, ₹आज खिताब जीतने के बाद मैं आपकी आभारी हूं। यह एक सपने के सच होने जैसा है। मैंने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की है इसलिए मैं निश्चित रूप से इस खिताब की हकदार हूं। अब रिया मिस यूनिवर्स 2024 के लिए भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं।

मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता मेक्सिको में आयोजित की जाएगी। रिया ने 51 फाइनलिस्टों को हराकर खिताब जीता। 18 साल की रिया सिंघा गुजरात की रहने वाली हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरूआत एक मॉडल के तौर पर की थी। वह सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं। उनके 40 हजार से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। उन्होंने अपनी खूबसूरती और बोल्डनेस से सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था। वह हमेशा फैंस द्वारा पसंद की जाती हैं।



हर-हर महादेव का परम्परागत उद्घोष किया। बॉलीवुड में अपने फिटनेस के लिए खास पहचान बनाने वाली शिल्पा शेट्टी ने मंदिर में दर्शन पूजन के बाद खुशी का इजहार किया।

## अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में लगाई हाजिरी

**वाराणसी :** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने सोमवार को श्री काशी विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। अभिनेत्री ने मंदिर के गर्भगृह में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बाबा के पावन ज्योर्तिलिंग का अभिषेक और पूजन किया। दर्शन पूजन के बाद अभिनेत्री ने काशी विश्वनाथ धाम में भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान धाम की भव्यता देख अभिनेत्री आह्लादित दिखी। इस दौरान मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं ने शिल्पा शेट्टी को देख हर-हर महादेव का परम्परागत उद्घोष किया। बॉलीवुड में अपने फिटनेस के लिए खास पहचान बनाने वाली शिल्पा शेट्टी ने मंदिर में दर्शन पूजन के बाद खुशी का इजहार किया। मंदिर के गेट नंबर चार पर अभिनेत्री के साथ सेल्फी लेने के लिए युवा प्रशंसकों की भीड़ भी जुटी रहीं।

## एक्ट्रेस प्रीति झंगियानी ने दिया पति परवीन डबास का हेल्थ अपडेट




अभिनेता परवीन डबास बीते शनिवार की सुबह एक गंभीर दुर्घटना का शिकार हो गए। उनका इलाज मुंबई के बांद्रा स्थित एक अस्पताल में चल रहा है। परवीन की हालत पर उनकी पत्नी मोहब्बतें फेम एक्ट्रेस प्रीति झंगियानी ने अपडेट दिया है। उन्होंने कहा कि परवीन को सिर में चोट लगी है और उन्हें जल्द ही आईसीयू से छुट्टी मिलने की संभावना है। एक इंटरव्यू में प्रीति ने कहा कि इस हादसे का परिवार पर भावनात्मक असर पड़ा है। यह हमारे लिए एक बड़ा झटका है, हम अभी भी भावनात्मक सदमे में हैं और धीरे-धीरे इससे उबरने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, उन्हें शांत और निष्क्रिय अवस्था में देखना हमारे लिए बहुत दर्दनाक है। प्रीति ने परवीन की हालत के बारे में और जानकारी दी। उन्होंने कहा, उन्हें चक्कर आना, दोहरी दृष्टि, नींद आने का अनुभव हो रहा है। ये सभी सिर में चोट लगने के लक्षण हैं। वह अभी ज्यादा बात नहीं कर सकते। सौभाग्य से, उनकी एमआरआई और सीटी स्कैन रिपोर्ट सामान्य आई है। वह अगले एक सप्ताह तक अस्पताल में रहेंगे और जल्द ही आईसीयू से बाहर आ जायेंगे। हम तीन दिन में दोबारा सीटी स्कैन करेंगे।₹

**नशे में गाड़ी चलाने के आरोप से किया इनकार**

प्रीति झांगियानी ने दुर्घटना के बारे में अफवाहों को खारिज किया और स्पष्ट किया कि दुर्घटना के समय परवीन डबास शराब के नशे में नहीं थे। वह शराब के नशे में गाड़ी नहीं चला रहे थे। यह अब पुलिस रिपोर्ट से स्पष्ट है। हमने टॉक्सिकोलॉजी टेस्ट भी किया है। परवीन कभी भी शराब पीकर गाड़ी नहीं चलता है और वह नियम तोड़ने के सख्त खिलाफ है।

## बॉक्स ऑफिस पर 'स्त्री 2' ने रचा इतिहास, 600 करोड़ क्लब में हुई एंट्री



मैडॉक फिल्म्स की 'स्त्री 2' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। बहुत दिनों के बाद बॉलीवुड सिनेमा को इतनी सफलता हासिल हुई है। 2018 में आई 'स्त्री' काफी पॉपुलर रही थी, लेकिन 6 साल बाद फिल्म के सीक्वल ने खूब कमाई की है। 'स्त्री 2' बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ रुपये का कारोबार करने वाली पहली हिंदी फिल्म बन गई है। इससे पहले कोई भी हिंदी फिल्म 600 करोड़ तक नहीं पहुंच पाई थी। स्त्री 2 का क्रेज अभी थमा नहीं है और फिल्म सातवें हफ्ते में प्रवेश कर रही है। श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना, अभिषेक बनर्जी स्टारर फिल्म 'स्त्री 2' ने दर्शकों के मन में अपनी पक्की जगह बना ली है। छठे हफ्ते में भी 'स्त्री 2' की लोकप्रियता बरकरार है। दर्शक दूसरी, तीसरी बार फिल्में देखने के लिए सिनेमाघरों में जा रहे हैं।सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'स्त्री 2' ने रिलीज के छठे संडे यानी 39वें दिन 4.85 करोड़ का कलेक्शन किया है। इसी के साथ 'स्त्री 2' की 39 दिनों की कुल कमाई अब 603.75 करोड़ हो गई है। इससे पहले किसी भी हिंदी फिल्म को इतनी सफलता नहीं मिली है। 'स्त्री 2' से पहले 'बाहुबली 2' के हिन्दी वर्जन ने 2017 में 500 करोड़ की कमाई की थी। साथ ही शाहरुख खान स्टारर 'जवान', एवं रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' ने भी 500 करोड़ का आंकड़ा पार किया था। 'स्त्री 2' ने सभी को पीछे छोड़ दिया है। मैडॉक फिल्म्स की इस हॉरर कॉमेडी को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। मुख्य कलाकारों के अलावा, 'स्त्री 2' में अक्षय कुमार, तमन्ना भाटिया और वरुण धवन का कैमियो भी है। साथ ही 'स्त्री 3' पर भी काम शुरू हो चुका है।

### बुसान अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में होगा निलेश और शोनाली की फिल्म 'अ फ्लाई ऑन द वॉल' का प्रीमियर

**फिल्मकार** और सह लेखक की जोड़ी निलेश मनियार और शोनाली बोस की नई डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रतिष्ठित 29वें बुसान अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में विश्व प्रीमियर के लिए तैयार है। यह फिल्म वाइड एंगल डॉक्यूमेंट्री प्रतियोगिता सेक्शन के लिए चुनी गई है, जो दुनिया भर के अनोखे और प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाने वाले रचनाकारों को उजागर करती है। नीलेश और शोनाली की इस जोड़ी द्वारा निर्देशित 'अ फ्लाई ऑन द वॉल' सशक्त और हृदयस्पर्शी फिल्म दोस्ती, जीवन और मृत्यु के बीच की दूरी तय करती है। चिकित्सक सहायता प्राप्त आत्महत्या के लिए अपने मित्र चिका कपाड़िया की नियुक्ति से केवल एक सप्ताह पहले, नीलेश ने शोनाली को कैमरे के सामने आकर कहानी का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित किया।

## 'तुंबाड' निर्देशक राही अनिल बर्वे फिल्म के सीक्वल का नहीं होंगे हिस्सा



 री-रिलीज ट्रेंड में जो फिल्म सिनेमाघरों में चल रही है वह है 'तुम्बाड'। फिल्म के निर्देशक राही अनिल बर्वे ने इस फिल्म को अपने जीवन के कई साल दिए। फिल्म का निर्माण राही अनिल बर्वे ने निमार्ता और अभिनेता सोहम शाह के साथ किया था, जिन्होंने फिल्म के फिल्मांकन के दौरान आने वाली कई कठिनाइयों को पार किया, जिसके कारण कई बार निमार्ता बदले गए। फिल्म को समीक्षकों ने खूब सराहा, लेकिन जब 2018 में फिल्म रिलीज हुई तो दर्शकों ने फिल्म से मुंह मोड़ लिया। अब री-रिलीज के ट्रेंड में फिल्म दर्शकों की पसंद हासिल कर रही है। कहा जा रहा था कि इस फिल्म का दूसरा पार्ट तभी आएगा जब ये फिल्म दोबारा रिलीज होगी, लेकिन फिल्म के दूसरे पार्ट में डायरेक्टर राही अनिल बर्वे मौजूद नहीं होंगे। उनिर्देशक राही अनिल बर्वे ने खुद कहा है कि वह इस फिल्म के दूसरे भाग का निर्देशन नहीं करेंगे। इस बात की जानकारी राही ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से दी है। राही ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ₹मैंने तीन उत्कृष्ट कृतियों 'तुम्बाड', 'पहाड़पंगिरा' और 'पक्षीतीर्थ' की कहानी पर काम किया है। कई दशकों से मैं इस पर काम कर रहा हूं, इसके कई अलग-अलग निमार्ता हैं। पहली फिल्म 'तुम्बाड' पितृसत्तात्मक लालच की अवधारणा पर आधारित थी। यह एक पिता, एक बेटे और एक भूत राक्षस की कहानी थी। उन्होंने आगे लिखा कि दूसरी फिल्म ह्यपहाड़पंगिराह्ल नारीवादी विचार के उदय पर आधारित होगी और सती प्रथा पर भी चर्चा करेगी। इस त्रयी का तीसरा और अंतिम भाग 'पक्षीतीर्थ' होगा। राही ने सोहम शाह और 'तुम्बाड' के सह-निर्देशक आदेश प्रसाद को 'तुम्बाड 2' के लिए शुभकामनाएं दीं। राही ने कहा, मैं सोहम और आदेश को शुभकामनाएं देता हूं। मुझे यकीन है कि 'तुंबाड 2' भी बेहद सफल होगी।' सोहम शाह ने 'एक्स' अकाउंट पर राही बारवेन की पोस्ट पर टिप्पणी की और उन्हें उनकी आगामी परियोजनाओं के लिए शुभकामनाएं दीं। सोहम शाह ने कहा, ₹राही, आपके प्रोजेक्ट्स 'गुलकंद' और 'रक्तब्रह्मांड' के लिए शुभकामनाएं। जल्द ही 'पहाड़पंगिरा' पर भी काम शुरू कर देंगे। यह मजेदार होगा।

**बार्वे ने जवाब में लिखा, मैं हमेशा आपके साथ हूं।**

राही ने अपने पोस्ट में बताया कि वह मार्च 2025 में 'पहाड़पंगिरा' की प्रोडक्शन प्रक्रिया शुरू करेंगे। इससे पहले वह 'गुलकंद टेल्स' और 'रक्तब्रह्मांड' का काम पूरा करेंगे। 'गुलकंद टेल्स' में कुणाल खेमू, पत्रलेखा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। वेब सीरीज 'रक्त ब्रह्मांड' में सामंथा रुथ प्रभु, आदित्य रॉय कपूर और वामिका गब्बी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 'तुंबाड' ने दोबारा रिलीज होने के दूसरे हफ्ते में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 13.44 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है, जो 2018 की मूल रिलीज को पार कर गया है।

### डेविस कप फाइनल आठ मुकाबले के लिए स्पेन की टीम में शामिल हुए राफेल नडाल

**नई दिल्ली :** राफेल नडाल को नवंबर में मैलागा में होने वाले डेविस कप फाइनल आठ मुकाबले के लिए स्पेन की टीम में शामिल किया गया है। 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने पेरिस 2024 ओलंपिक के बाद से कहीं भी प्रतिस्पर्धा नहीं की है, जहां वह पुरुष एकल में नोवाक जोकोविच से दूसरे दौर में हार गए थे, और कार्लोस अल्काराज के साथ जोड़ी बनाकर पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे, जहां उन्हें अमेरिकी ऑस्टिन क्राजिसेक और राजीव राम से हार का सामना करना पड़ा था।

पेरिस खेलों के बाद, नडाल ने स्वास्थ्य समस्याओं के कारण यूएस ओपन 2024 और लेवर कप 2024 से अपना नाम वापस ले लिया था। वह स्पेन की टीम में अल्काराज, रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत, पाब्लो कैरेनो बुस्टा और मार्सेल ग्रैनोलर्स के साथ शामिल होंगे। डेविड फेरर टीम के कोच होंगे। शीर्ष आठ राष्ट्रों ने ग्रुप फाइनल से क्वालीफाई किया और वे स्पेन के तटीय शहर में खेलेंगे। मेजबान स्पेन का सामना नीदरलैंड से होगा जबकि कनाडा का सामना जर्मनी से होगा। मुकाबले में दो एकल और एक युगल निर्णायक होगा। मौजूदा चैंपियन इटली ग्रुप फाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जैनिक सिनर के बिना था, जिसमें उसने अपने तीनों मुकाबले जीते थे, लेकिन दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मालागा में वापसी कर सकते हैं। उसका सामना अर्जेंटीना से होगा, जिसने ब्रिटेन और कनाडा सहित एक कठिन समूह से क्वालीफाई किया था। इटली और स्पेन ड्रॉ के विपरीत पक्षों पर हैं, जिसका अर्थ है कि सिनर और तीसरे स्थान पर रहने वाले कार्लोस अल्काराज के बीच संभावित फाइनल मुकाबला हो सकता है। ग्रुप फाइनल में भी अमेरिका की स्थिति कमजोर थी, लेकिन 32 बार डेविस कप चैंपियन मलागा में अपने कुछ बड़े खिलाड़ियों को शामिल कर सकता है, जहां उसे ऑस्ट्रेलिया से आगे निकलने की जरूरत होगी।

## अश्विन ने अपनी बढ़ती उम्र को लेकर कप्तान रोहित के साथ हुई मजेदार बातचीत को किया साझा

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारत के अनुभवी ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट के दौरान कप्तान रोहित शर्मा के साथ एक मजेदार बातचीत को साझा किया। 22 सितंबर को भारत की 280 रनों की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाने वाले अश्विन की ऑलराउंड प्रतिभा ने एक बार फिर उनकी बेहतरीन प्रतिभा को उजागर किया है।

38 साल की उम्र में, अश्विन अपनी निरंतरता और मैच जीतने वाले प्रदर्शनों के लिए प्रशंसा बटोर रहे हैं, जबकि भारतीय क्रिकेट टीम युवा खिलाड़ियों की ओर बढ़ रही है। अपने नवीनतम यूट्यूब वीडियो में, अश्विन ने एक मजेदार किस्सा साझा किया कि कैसे उनकी पत्नी, प्रीति नारायणन ने दलीप ट्रॉफी के हाइलाइट्स देखते हुए उम्र के बारे में बातचीत शुरू की। प्रीति के सवाल के कारण अश्विन ने रोहित से उनकी उम्र के बारे में मजाकिया अंदाज में बातचीत की। भारतीय टीम के वरिष्ठ सदस्य अश्विन और रोहित दोनों ने अपनी बढ़ती उम्र की चिंताओं को दरकिनार करते हुए महत्वपूर्ण क्षणों में टीम के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, ₹₹हम परसों कुछ हाइलाइट्स देख रहे थे। मेरी पत्नी ने मुझसे कुछ कहाः'ये ऑफ स्पिनर, गेंदबाजी करते समय अपने मन में आपको गाली नहीं दे रहे होंगे?' मुझे आश्चर्य हुआ कि ऐसा क्यों है और मुझे लगा कि वे सोच रहे होंगे कि 'वह कब हमारे लिए ब्रेक लेने के लिए निकलेंगे?'. अचानक, मुझे थोड़ा अजीब लगा। मुझे एहसास हुआ, हाँ, मैं अब उसी दौर में हूँ। जब हम छोटे थे, तब भी हम टीम में अपनी जगह के बारे में सोचते थे। हर कोई ऐसा करता है। जब मैं अब इसे देखता हूँ, तो यह मुझे वास्तविकता में ले जाता है। यह आपको एहसास कराता है कि आपने बहुत सालों तक खेला है। अश्विन ने कहा, ₹मैंने आधिकारिक प्रसारण चैनल पर एक ग्राफिक देखा। उन्होंने साल-दर-साल का ब्योरा दिया था और यह 38वें नंबर पर समाप्त हुआ। मैं उस क्लब में अकेला हूं। फिर अचानक मैंने रोहित को देखा, वह मेरे पास से गुजर रहा था। मैंने उससे पूछा 'तुम्हारा जन्मदिन कब है?'। उसने कहा कि यह आने वाला है। मैं उसके जन्मदिन का इंतजार कर रहा हूं। फिर हम कुछ समय के लिए एक ही उम्र के हो जाएंगे। चेन्नई टेस्ट के दौरान, अश्विन ने न केवल अपना छठा टेस्ट शतक बनाया, बल्कि छह विकेट भी लिए, जिससे उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। यह सम्मान 2021 में उनकी जीत के बाद चेन्नई में उनके लगातार दूसरे प्लेयर ऑफ द मैच सम्मान को दशार्ता है। उल्लेखनीय रूप से, अश्विन अब एक ही टेस्ट में शतक बनाने और पांच विकेट लेने की उपलब्धि हासिल करने के मामले में इयान बॉथम के बाद दूसरे स्थान पर हैं, उन्होंने ऐसा चार बार किया है। मैचों की चौथी पारी में अश्विन की उत्कृष्टता ने उन्हें भारत के बेहतरीन गेंदबाजों में से एक के रूप में स्थापित किया है। चौथी पारी में 99 विकेट लेकर उन्होंने अनिल कुंबले के 94 विकेट के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है और खुद को भारत के गेंदबाजी आक्रमण में एक अपरिहार्य संपत्ति के रूप में स्थापित किया है। बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला में भारत की 1-0 की बढ़त में अश्विन का योगदान महत्वपूर्ण रहा है।



### अश्विन ने ड्रेसिंग रूम माहौल के लिए की गंभीर की प्रशंसा, कहा-मौजूदा टीम और भविष्य के सदस्य उन्हें पसंद करेंगे

**नई दिल्ली :** भारतीय ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर की उनके 'आरामदायक' दृष्टिकोण के लिए प्रशंसा की, जिसने ड्रेसिंग रूम में जीवंत माहौल बनाने में योगदान दिया है। अश्विन ने भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज की सराहना की और विश्वास जताया कि गंभीर को मौजूदा टीम और भविष्य के सदस्य खूब पसंद करेंगे। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर यह टिप्पणी बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट के दौरान कोच गंभीर के साथ काम करने के अपने पहले अनुभव के बाद की है। इस दिग्गज स्पिनर ने अपने गृहनगर में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली पारी में शतक बनाया और दूसरी पारी में छह विकेट लिए, जिससे भारत ने 280 रनों से शानदार जीत हासिल की। अपने यूट्यूब चैनल पर अश्विन ने गंभीर और द्रविड़ के नेतृत्व वाले ड्रेसिंग रूम के बीच अंतर को उजागर किया। उन्होंने कहा, ₹मुझे लगता है कि वह बहुत शांत है। मैं उसे 'रिलैक्स्ड रांचो' कहना चाहता हूँ। उस पर बिल्कुल भी दबाव नहीं है। सुबह, टीम की बैठक होगी। वह इस बारे में भी बहुत शांत है। वह कहेगा 'क्या आप आ रहे हैं, कृपया आइए'। यह ऐसा ही है। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, ₹राहुल भाई के साथ, जैसे ही हम आते हैं, वह चाहते हैं कि चीजें व्यवस्थित हों: यहां तक ??कि एक बोतल भी एक खास समय पर एक खास जगह पर रखी जानी चाहिए। वह बहुत अनुशासित है।



# उत्तराखंड के शुभवस्त्रम अयोध्याधाम में श्रीरामलला के दिव्य विग्रह में सुशोभित

**देहरादून :** उत्तराखंडवासियों के लिए सोमवार का वह पल गौरव करने वाला रहा, जब अयोध्या में विराजमान भगवान श्रीरामलला का दिव्य विग्रह देवभूमि की विश्वविख्यात ऐपण कला से सुसज्जित शुभवस्त्रम से सुशोभित हुआ । यह शुभवस्त्रम न केवल उत्तराखंड की पारंपरिक कला और समर्पण का प्रतीक रहा, बल्कि इसने राज्य की सांस्कृतिक समृद्धि का राष्ट्रीय पटल पर एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ा।

इन वस्त्रों को उत्तराखंड के कुशल शिल्पकारों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रेरणा से तैयार किया। स्वयं मुख्यमंत्री ने इन्हें अयोध्या पहुंचाकर श्रीराम मंदिर में भेंट किया। शुभवस्त्रम में न केवल प्रदेश की ऐपण कला नजर आती है बल्कि इसमें निहित भक्ति और श्रम साधकों की अद्वितीय शिल्पकला का अद्भुत समन्वय भी है, जिसने उत्तराखंड की सांस्कृतिक छवि को और अधिक प्रखर बना दिया। मुख्यमंत्री धामी के गतिशील नेतृत्व में प्रदेश की लोक कला, संगीत, नृत्य और शिल्पकला के संवर्धन की दिशा में भी अनेक ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी न केवल राज्य के स्थानीय हस्तशिल्प और कारीगरों को प्रोत्साहित कर रहे हैं, बल्कि राज्य के युवाओं को भी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने और इसे संजोने की प्रेरणा दे रहे हैं। उत्तराखंड की पारंपरिक कला और संस्कृति की गूंज अब अंतरराराष्ट्रीय मंचों पर भी सुनाई देने लगी है। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में उत्तराखंड की लोक कलाओं को प्रमुखता से प्रस्तुत किया जा रहा है, जिससे राज्य को वैश्विक पहचान और सम्मान मिल रहा है। मुख्यमंत्री धामी का मानना है कि प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण और संवर्धन आधुनिक संसाधनों और तकनीकों के साथ होना चाहिए ताकि यह अमूल्य विरासत आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रहे।

मुख्यमंत्री धामी का दृढ़ विश्वास है कि राज्य का समग्र विकास तभी संभव है जब उसकी सांस्कृतिक जड़ें मजबूत हों। इसलिए युवाओं को डिजिटल माध्यम और सोशल मीडिया के जरिए संस्कृति से जोड़ा जा रहा है। सांस्कृतिक संस्थानों और कला संगठनों के सहयोग से युवाओं को पारंपरिक कलाओं में प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे वे अपनी संस्कृति पर गर्व करें और इसे और आगे बढ़ा सकें।

# फसल बीमा योजना और फसलों के नुकसान के बारे में मिले सुझावों पर कर रहे हैं काम : शिवराज

- –प्रतिदिन पौधरोपण के संकल्प के क्रम में आज नई दिल्ली स्थित पूसा परिसर में किया पौधा रोपण

**एजेंसी**



**नई दिल्ली :** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज पूसा परिसर स्थित अंतरराष्ट्रीय गेस्ट हाउस के बोर्ड मीटिंग हॉल में किसानों और किसान यूनियनों से संवाद किया। इस क्रम में मीडिया से बातचीत में शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि देश की रीढ़ है और किसान आत्मा हैं। किसानों की सेवा करना भगवान की पूजा करने जैसा है। उन्होंने कहा कि वे आज किसान संघ के नेताओं से मिले। अलग-अलग किसान संगठनों से भी बातचीत की। उनमें से कुछ फसलों, फसल बीमा योजना और फसलों के नुकसान के बारे में सुझाव दिए हैं। इसके अलावा सभी ने और भी बहुत सारे सुझाव दिए हैं। हम उन सुझावों पर काम कर रहे हैं। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता किसान कल्याण है। समन्वित और सामूहिक प्रयासों से हम किसानों की उन्नति में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मंगलवार को किसानों तथा किसान संगठनों के साथ जो संवाद हमने प्रारंभ किया है, इसी दिशा में आज नई दिल्ली स्थित पूसा परिसर में अलग-अलग किसान संगठनों के किसान भाइयों से भेंट की। वह सबके मन को भाया है। संवाद का यह क्रम निरंतर चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने कुछ दिनों पहले तय किया था कि प्रत्येक मंगलवार किसान संगठनों और किसान भाई-बहनों से भेंट कर चर्चा करेंगे। इस दौरान विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। साथ ही किसान साथियों ने कृषि एवं किसान कल्याण की दिशा में लिए सरकार द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की प्रशंसा की। प्रतिदिन पौधरोपण के संकल्प के क्रम में आज नई दिल्ली स्थित पूसा परिसर में पौधा रोपण भी किया।

# मायावती ने आरक्षण के मुद्दे पर राहुल गांधी को घेरा



**एजेंसी**

**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने आज कहा कि एससी—एसटी और ओबीसी आरक्षण को लेकर कांग्रेस और राहुल गांधी की नीति स्पष्ट नहीं है बल्कि छल कपट की है। इनके इस दोहरे मापदण्ड से लोग सचेत रहें। मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में मायावती ने कहा कि राहुल गांधी अपने देश में इनके वोट हासिल करने के लिए ये आरक्षण का समर्थन व इसे 50 फीसद से ऊपर बढ़ाने की वकालत करते हैं जबकि विदेश में जाकर इनके आरक्षण को खत्म करने की बात करते हैं। मायावती ने कहा कि यह भी सच है कि केन्द्र में इनकी सरकार ने ओबीसी आरक्षण सम्बन्धी मण्डल कमीशन रिपोर्ट लागू नहीं की थी। साथ ही, बसपा के संघर्ष से एससी—एसटी के पदोन्नति में आरक्षण को प्रभावी बनाने के लिए संसद में लाए गए संविधान संशोधन बिल को भी कांग्रेस ने पास नहीं होने दिया, जो अभी तक लम्बित है। बसपा प्रमुख ने लोगों से अपील की कि आरक्षण विरोधी कांग्रेस व अन्य पार्टियों से लोग सजग रहें। साथ ही, केन्द्र में रही कांग्रेस सरकार द्वारा जातीय जनगणना नहीं कराना और अब सत्ता से बाहर होने पर आवाज उठाना, यह सब ढोंग है।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने हिमटेक 2024 में विशेष उपयोग वाली मशहूर हिलक्स का प्रदर्शन किया

**रांची/मेट्रो रेज :** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने हिमटेक 2024 संगोष्ठी में विशेष उपयोग वाली हिलक्स का प्रदर्शन किया। यह एक अधिकृत बाहरी विक्रेता के सहयोग से संशोधित मॉडल है। हिमटेक 2024 का आयोजन भारतीय सेना ने फिक्की (फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री) के साथ मिलकर किया है। "रक्षा आत्मनिर्भरता" के राष्ट्रीय लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए और रक्षा बलों को उपलब्ध सर्वोत्तम उपकरणों और समाधानों तक पहुँच प्रदान करने के लिए इन दोनों संगठनों (भारतीय सेना और फिक्की) ने ऊंचाई वाले क्षेत्रों (एचएए) के लिए सैन्य प्रौद्योगिकी के उपयोग पर जोर देते हुए "हिमटेक 2024" के लिए सहयोग किया है। 20 और 21 सितंबर 2024 को लेह, लद्दाख के रिनचेन ऑडिटोरियम ग्राउंड में आयोजित इस कार्यक्रम में सेना कमान, वायु सेना, आईटीबीपी (भारत-तिब्बत सीमा पुलिस) के वरिष्ठ अधिकारी, रक्षा उपयोगकर्ता और टीकेएम के प्रतिनिधियों के साथ अन्य प्रमुख गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।टोयोटा के मशहूर क्यूडीआर (गुणवत्ता, स्थायित्व और विश्वसनीयता) द्वारा संचालित, यह 4x4 ऑल-टेरेन, ऑफ-रोड वाहन सबसे अधिक मांग वाले माहौल में काम करने के लिए खासतौर से इंजीनियर किया गया है। यह इसे विशिष्ट आवश्यकताओं वाले विविध ग्राहकों के लिए एकदम सही विकल्प बनाता है, जिसमें भारतीय सेना के विशिष्ट उद्देश्य शामिल हैं जिन्हें अधिकृत बाहरी विक्रेता के समर्थन से संशोधित किया गया है।

# भारतीय फ्रंटलाइन स्टील्थ फ्रिगेट तलवार केन्या की यात्रा पर मोम्बासा बंदरगाह पहुंचा

**एजेंसी**




**नई दिल्ली :** भारतीय नौसेना का फ्रंटलाइन स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस तलवार केन्या की यात्रा पर है और 22 सितम्बर को मोम्बासा बंदरगाह पर पहुंचा है। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करना तथा रचनात्मक सहयोग और पारस्परिक विकास के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करना है। बंदरगाह पर जहाज के ठहरने के दौरान दोनों नौसेनाओं के कर्मी सहयोग बढ़ाने और अंतर-संचालन को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के पेशेवर संपर्क और क्रॉस-एक्सचेंज यात्राओं में शामिल होंगे। भारत और केन्या सदियों पुराने ऐतिहासिक संबंधों की नींव पर बने एक मजबूत बंधन को साझा करते हैं। हिंद महासागर से जुड़े भौगोलिक पड़ोसियों के रूप में दोनों राष्ट्र एक स्वाभाविक साझेदारी को संजोते हैं। पिछले कुछ वर्षों में नियमित उच्च-स्तरीय यात्राओं और बढ़ते व्यापार से निवेश मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्याई राष्ट्रपति विलियम समोई रूटो ने दिसंबर 2023 में केन्याई राष्ट्रपति की भारत की राजकीय यात्रा के दौरान संयुक्त विजन स्टेटमेंट जारी किया था। आईएनएस तलवार को 18 जून, 2003 को कमीशन किया गया था और यह पश्चिमी नौसेना कमान के तहत मुंबई में स्थित भारतीय नौसेना के पश्चिमी बेड़े का हिस्सा है। कैप्टन जीतू जॉर्ज इस जहाज की कमान संभालते हैं, जिसमें लगभग 300 कर्मी हैं।

### एशियन पेंट्स नियोभारत ने ग्रामीण भारत के 'प्रगति के रंग' दिखाने के लिए यूट्यूब क्रिएटर्स के साथ साझेदारी की है

**रांची/मेट्रो रेज :** अग्रणी पेंट और डेकोर ब्रांड एशियन पेंट्स, जो भारत भर में घरों और जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, की ओर से गर्व से पेश है 'प्रगति के रंग', एक ऐसी कंटेंट सीरीज़ जो एशियन पेंट्स के नियोभारत लेटेक्स पेंटद्वारा शामिल की गई प्रगति की भावना को कैप्चर करती है। यह सीरीज़ यूट्यूब क्रिएटर्स और छोटे शहरों के व्यक्तियों की प्रेरक कहानियों की सराहना करती है और इसमें एक सुनहरे भविष्य की ओर उनकी इस बदलाव यात्रा को दिखाया जा रहा है। 'प्रगति के रंग' सिर्फ व्यक्तिगत विकास को ही नहीं दिखाती है बल्कि यह ग्रामीण भारत में नियोभारत लेटेक्स पेंट के प्रभाव को भी दिखाती है। एशियन पेंट्स का लक्ष्य इन दूरदर्शी कहानियों की मदद से ग्रामीण भारत के समुदायों की कहानियाँ दिखाकर ग्रामीण ऑडियंस से जुड़ना है और इस बात पर ध्यान दिलाना है कि ये समुदाय देश की प्रगति में कैसे योगदान देते हैं।एशियन पेंट्स के 'प्रगति के रंग' में चार यूट्यूब क्रिएटर्स की प्रेरक कहानियाँ हैं, जो भले ही छोटे शहरों से आते हैं, फिर भी अपनी प्रेरणादायक कहानियों और कंटेंट की मदद से सोशल मीडिया पर उनके बड़ी संख्या में फॉलोअर्स हैं। इस सीरीज़ में सोनीपत के एक फिटनेस क्रिएटर और राष्ट्रीय क्रिएटर पुरस्कार विजेता अंकित बैयानपुरिया को दिखाया गया है, जो नियोभारत लेटेक्स पेंट्स के साथ मिलकर एक स्थानीय अखाड़े को फिर से एक नया रूप देकर इसकी दीवारों को युवा पहलवानों के सपनों को दिखाने वाले ग्राफ़िक आर्टवर्क से भर रहे हैं। दूसरे एपिसोड में जामताड़ा के ट्रक ड्राइवर और यूट्यूब स्टार राजेश रवानी को दिखाया गया है, जो NH-33 के एक पसंदीदा ढाबे में बदलाव लाते हैं। यह ढाबा, जो आराम करने के लिए है, अब इसकी दीवारों पर ऐसे ग्राफिक आर्टवर्क लगे हुए हैं जो भारत की प्रगति में ट्रक ड्राइवरों की महत्वपूर्ण भूमिका का आदर करते हैं।

# ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशिया में भी तेजी का रुख

**एजेंसी**



**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार होता रहा। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान खरीदारी का रुख बन रहा। एशियाई बाजारों में भी आज आमतौर पर तेजी बनी हुई है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। डाउ जॉन्स पिछले सत्र में रिकॉर्ड हाई पर बंद होने में सफल रहा। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.28 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,718.57 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसके अलावा नैस्डेक ने 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,974.27 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 109.47 अंक यानी 0.26 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 42,015.18 स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिका की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान खरीदारी का रुख बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 8,259.71 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.10 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,508.08 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 126.78 अंक यानी 0.67 प्रतिशत उछल कर 18,846.79 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में भी आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। एशिया के 9 बाजारों में से 7 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 2 सूचकांक मामूली गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। गिफ्ट निफ्टी 0.03 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,951.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.04 प्रतिशत लुढ़क कर 3,637.25 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। दूसरी ओर, निक्केई इंडेक्स 392.22 अंक यानी 0.87 प्रतिशत की तेजी के साथ 38,053.13 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.10 प्रतिशत की मजबूती के साथ 2,604.59 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। हैंग सेंग इंडेक्स ने आज बड़ी छलांग लगाई है। फिलहाल ये सूचकांक 575.52 अंक यानी 3.15 प्रतिशत की मजबूती के साथ 18,822.63 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 2.32 प्रतिशत उछल कर 2,814.30 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक मजबूती के साथ 22,287.64 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,450.27 अंक के स्तर पर और जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.16 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,787.96 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## न्यूज IN बिजनेस

### सैमसंग इंडिया का बिग टीवी फेस्टिवल 10 नवंबर तक

**रांची/मेट्रो रेज :** इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग, ने इस त्यौहारी सीज़न को और खास बनाने के लिए बिग टीवी फेस्टिवल की शुरुआत की है। 14 सितंबर से 10 नवंबर, 2024 तक चलने वाले इस ऑफर में प्रीमियम एआई पावर्ड बड़े टीवी जैसे नियो क्यूएलईडी 8के नियो क्यूएलईडी 4के, ओएलईडी और क्रिस्टल 4के यूएचडी टीवी पर बेजोड़ डील्स मिल रही हैं। इस प्रमोशन में रोमांचक मुफ्त उपहार, 20 प्रतिशत तक कैशबैक, तीन साल की वारंटी और आसान ईएमआई ऑफर शामिल हैं। सैमसंग बिग टीवी फेस्टिवल के साथ, ग्राहक एआई तकनीक से लैस बेहतरीन विजुअल और साउंड क्वालिटी वाले टीवी का आनंद ले सकते हैं।सैमसंग इंडिया के विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के सीनियर डायरेक्टर विपलेश डांग ने कहा, आज के भारतीय घरों में टीवी सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि तकनीक और जीवनशैली को जोड़ने वाला एक अहम हिस्सा बन गया है। बड़े स्क्रीन वाले टीवी की बढ़ती मांग को देखते हुए, हमें सैमसंग बिग टीवी फेस्टिवल को फिर से लाने पर गर्व है। इन प्रीमियम एआई टीवी में विजुअल और साउंड का बेहतरीन अनुभव देने के साथ-साथ सैमसंग नॉक्स की सुरक्षा भी मिलती है। यह फेस्टिवल उपभोक्ताओं को त्योहारी सीज़न से पहले अपने होम एंटरटेनमेंट को सैमसंग के एआई टीवी के साथ अपग्रेड करने का शानदार मौका देता है।

### इंटेलिजेंट सीयूवी एमजी विंडसर की कीमत 13,49,800 रुपये से शुरू

**रांची/मेट्रो रेज :** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने पिछले दिनों लॉन्च की गई एमजी विंडसर की कीमतों की घोषणा कर दी है। एमजी विंडसर की शुरुआती कीमत 13,49,800 रुपये (एक्स-शोरूम) रखी गई है। भारत की इस पहली इंटेलिजेंट सीयूवी में सेडान जैसा कंफर्ट और एसयूवी जैसा स्पेस, दोनों के फीचर्स मिलते हैं। यह कार ग्राहकों को एक शानदार बिजनेस-क्लास का अनुभव प्रदान करती है। सीयूवी को बेहद फ्यूचरिस्टिक एयरोडायनामिक डिज़ाइन, विशाल और शानदार इंटीरियर, भरोसेमंद सेफ्टी, स्मार्ट कनेक्टिविटी, ड्राइविंग कंफर्ट और कई सारे हाई-टेक फीचर्स के साथ पेश किया गया है। इसके अलावा, इस वाहन को लेकर कंपनी ने कई कदम उठाए हैं, जो ग्राहकों को भरपूर मन की शांति प्रदान करती है, इसकी सुविधाओं की बात करें तो पहले मालिक के लिए बैटरी पर लाइफलॉन्ग वारंटी और तीन साल के बाद 60% बायबैक का भरोसा मिलता है। इसके साथ ही ई हब बाय एमजी ऐप का उपयोग करके सार्वजनिक चार्जर पर एक साल की नि:शुल्क चार्जिंग जैसी सुविधा भी मिलती है। विंडसर चार रंगों में उपलब्ध है। इसमें स्टारबर्स्ट ब्लैक, पर्ल व्हाइट, क्ले बेज और टरकोजी ग्रीन शामिल हैं।

### मैक्स फैशन ने स्टाइल आइकन कल्कि कोचलिन के साथ अपने लेटेस्ट 'न्यू न्यू यू' कैंपेन को लॉन्च किया

**रांची/मेट्रो रेज :** दुबई स्थित लैंडमार्क ग्रुप के सबसे पसंदीदा फैशन ब्रांड मैक्स फैशन ने 'न्यू न्यू यू' अभियान के लिए प्रसिद्ध अभिनेत्री और स्टाइल आइकन कल्कि कोचलिन के साथ एक विशेष सहयोग के माध्यम से ब्रांड के एक नए अध्याय में कदम रखा है। यह कैंपेन नए आत्मविश्वास के क्षेत्र में कदम रखता है, विकास की भावना पैदा करता है जो ग्राहक को स्टाइल की परिवर्तनकारी शक्ति के कारण एकदम नया महसूस कराता है। यह कैंपेन एक सुसंस्कृत संग्रह का हिस्सा है, जो उत्सवों या दोस्ताना समारोहों (वर्कवियर, कैजुअल आउटफिट्स, फ्यूजन फेस्टिव वियर, या हाई-ग्लैम अवसरों के कपड़े) के लिए पुनर्निर्माण की भावना को व्यक्त करता है – ये स्टाइल इस फेस्टिवल सीजन के लिए टोन सेट करता है।इस स्टाइलिश संग्रह के लिए किसी ऐसे व्यक्ति की ज़रूरत थी जो इसकी चंचलता के साथ पूरी तरह से मेल खाता हो, कोई ऐसा व्यक्ति जिसके पास अपने व्यक्तित्व के प्रति सच्चे रहते हुए पारंपरिक फैशन की सीमाओं को तोड़ने की अनूठी क्षमता हो– और शानदार कल्कि कोचलिन से बेहतर कौन हो सकता है– जो हर जीवंत भूमिका के साथ खुद को नयापन देती है। 'न्यू न्यू यू' कलेक्शन के साथ, मैक्स फैशन का लक्ष्य अपने ग्राहकों को अपने नवीनतम पश्चिमी और उत्सव शैलियों और एक्सेसरीज़ के साथ अपने व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं को तलाशने की स्वतंत्रता देने के लिए प्रेरित करना है।कल्कि के बोल्ड विकल्प, उनके करियर और व्यक्तिगत शैली दोनों में, आत्मविश्वास और आत्म-अभिव्यक्ति को प्रेरित करते हैं – ऐसे मूल्य जो नए युग के महत्वाकांक्षी परिवारों से जुड़ने के ब्रांड के दृष्टिकोण के साथ संरेखित होते हैं 'न्यू न्यू यू' प्रस्ताव की अवधारणा के अनुरूप, मैक्स फैशन अपनी लंबे समय से चली आ रही हर हफ्ते नए स्टाइल लॉन्च करने की प्रतिबद्धता को पूरा करता है, जो ताजगी और उत्साह लाता है इसके 520+ स्टोर्स में जो 210+ भारतीय शहरों में फैले हुए हैं, और ऑनलाइन www.maxfashion.in पर भी उपलब्ध हैं। यह दृष्टिकोण मैक्स फैशन की ग्राहकों को नवीनतम ट्रेंड्स प्रदान करने के प्रति समर्पण को मजबूत करता है, यह सुनिश्चित करता है कि उनके लिए एक निरंतर और गतिशील खुदरा और ऑनलाइन खरीदारी अनुभव उपलब्ध हो।

### 'रग उत्सव 2024' : जयपुर रग्स की हाथों से बनाई गई कलाओं का शानदार मेला

**रांची/मेट्रो रेज :** भारत की समृद्ध कपड़ा विरासत की प्रतीक और हाथ से बनी कालीनों के निर्माण में दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी जयपुर रग्स ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम 'रग उत्सव' की शुरुआत की घोषणा की है। यह वार्षिक उत्सव एक ऐसा उत्सव है जो व्यापर से आगे जाकर ग्रामीण भारतीय कारीगरों की कला और दुनिया भर के ग्राहकों की पसंद को एक साथ लाता है।जयपुर रग्स एक शानदार वित्तीय वर्ष में रु 975 करोड़ के ग्रुप टर्नओवर के साथ और पुणे और लंदन में नए स्टोरों के सफल लॉन्च के बाद, रग उत्सव एक बार फिर दिलों को लुभाने के लिए तैयार है। भारत, मिलान, दुबई, रूस और चीन जैसी जगहों पर 17 स्टोरों के साथ, ब्रांड अब भारत में विशेष रूप से एक महीने का उत्सव आयोजित करने के लिए तैयार है, जो इसके भारतीय लोकेशंस और इसकी वेबसाइट पर एक यादगार अनुभव प्रदान करता है। रग उत्सव, भारत की समृद्ध हस्तनिर्मित कालीन और गलीचों की परंपरा का एक माह लंबा उत्सव है। पिछले वर्ष के आयोजन ने शानदार सफलता प्राप्त की, जिसमें जयपुर रग्स® के भारत भर के स्टोर्स और ऑनलाइन चैनलों से ₹15 करोड़ की बिक्री हुई। इस वर्ष, देशभर में जयपुर रग्स सशक्त उपस्थिति के साथ, एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित कर रहे हैं, जिसमें रु 50 करोड़ का राजस्व प्राप्त करने का अनुमान है। रग उत्सव जयपुर रग्स® के कारीगरों के उत्कृष्ट हस्तशिल्प को सम्मानित करता है और उनकी कृतियों को वैश्विक दर्शकों से जोड़ता है, जिससे जयपुर रग्स की परंपरा और आधुनिक डिजाइन के बीच सेतु निर्माण की दृष्टि को और सुदृढ़ किया जा सके।

### ओरिएंट इलेक्ट्रिक ने स्टेला नियो एमसीबी रेंज के साथ स्विचगियर पोर्टफोलियो का विस्तार किया

**रांची/मेट्रो रेज :** ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड, जो कि 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर के विविधीकृत सीके बिरला ग्रुप का हिस्सा है, ने मास प्रीमियम सेगमेंट में मिनिएचर सर्किट ब्रेकर (एमसीबी) की स्टेला नियो रेंज को लॉन्च करके अपने स्विचगियर पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। बेहतर सुरक्षा, इंस्टॉलेशन में आसानी, टिकाऊपन के साथ शानदार प्रदर्शन के चार अहम पहलुओं को ध्यान में रख कर डिज़ाइन किया गया यह नया स्टेला नियो एमसीबी बेहतरीन विद्युत सुरक्षा और विश्वसनीयता का वादा करता है। यह लॉन्च कंपनी के भारत के तेजी से बढ़ते लो-वोल्टेज स्विचगियर बाजार में अपनी स्थिति को सशक्त करने की योजना का हिस्सा है।ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड के एमडी और सीईओ रवींद्र सिंह नेगी ने बताया कि, "हमारा फोकस हमेशा सबसे बढ़िया क्वॉलिटी के स्विचगियर प्रोडक्ट्स देने पर रहा है जो भारतीय उपभोक्ताओं की विद्युत सुरक्षा से जुड़ी सभी जरूरतों के हिसाब से बने हों। इसी बात को ध्यान में रखते हुए हमने एमसीबी की हमारी नई स्टेला नियो रेंज को लॉन्च किया है जिसमें सुरक्षा और परफार्मेंस दोनों को और भी बेहतर करने के लिए उन्नत टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया गया है। हमने अपने नोएडा प्लांट में एक नई प्रोडक्शन लाइन को भी जोड़ा है, जो एमसीबी के लिए अत्याधुनिक ऑटोमेटिक कैलीब्रेशन और जांच प्रणाली से लैस है। हमारा फोकस अपने स्विचगियर बिज़नेस को लगातार मज़बूत करने पर रहा है, जिसके लिए हम निरंतर बेहतरीन गुणवत्ता वाले प्रोडक्ट्स लॉन्च कर रहे हैं और साथ ही साथ केटेगरी इन्फ्लुएंसर्स के साथ मिलकर उपभोक्ता जागरूकता को भी बढ़ा रहे हैं।"

# वरीय आईएएस अधिकारी विजय कुमार सिंह के झारखण्ड सहकारी बैंक मुख्यालय पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

**मेट्रो रेज**



भारतीय प्रशासनिक सेवा 2002 बैच के लोकप्रिय एवं उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले आईएएस अधिकारी विजय कुमार सिंह जो निबंधक सहयोग समिति झारखण्ड एवं प्रशासक झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक रह चुके हैं उनके पहुंचने पर उनका स्वागत यह बताने के लिए काफी है कि पदस्थापनाकाल के दौरान अगर बेहतर कार्य सम्पादित किये जायें तो उसका असर हमेशा बना रहता है। श्री सिंह सिमडेगा के लोकप्रिय उपायुक्त रहने के साथ-साथ मनरेगा आयुक्त एवं निबंधक सहयोग समिति के प्रशासक भी रह चुके हैं। उनके झारखण्ड सहकारी बैंक मुख्यालय पहुंचने पर बैंक बोर्ड की अध्यक्षा श्रीमती विभा सिंह तथा बैंक के सीईओ ब्रजेश्वर नाथ तथा सेवानिवृत संयुक्त रजिस्ट्रार जयदेव सिंह ने श्री सिंह का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर बुके शाल और प्रतिक चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। गौरतलब हो कि राँची स्थित झारखण्ड सहकारी बैंक मुख्यालय का निर्माण श्री सिंह के पदस्थापनाकाल के दौरान हुआ था और वर्तमान समय में भी यह बैंक काफी बेहतर अवस्था में हैं जो निश्चित तौर पर सहकारी बैंक के लिए गौरव और उपलब्धि भरी बात है। सेवानिवृत संयुक्त रजिस्ट्रार जयदेव सिंह भी पश्चिम सिंहभूम चाईबासा झारखण्ड सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक रह चुके हैं और वे संयुक्त रजिस्ट्रार के पद से सेवानिवृत हुए। इस प्रकार से कहा जा सकता है कि अधिकारी के पदस्थापना और तबादला सरकारी सेवा में आने के पश्चात सेवानिवृति के पश्चात भी अगर वही मान सम्मान अपनत्व मिले तो यह बताने के लिए काफी है कि अधिकारी अपने कर्तव्यनिष्ठा, व्यवहार कुशलता और अपने कार्यप्रणाली से सर्वथा हमेशा लोकप्रिय रहते हैं और भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी विजय कुमार सिंह इसके प्रत्यक्ष प्रमाण भी हैं।

## एचडीएफसी एर्गो और आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी ने आयोजित किया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान




**रांची :** एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी के होटल प्रबंधन विभाग के सहयोग से आज एक महत्वपूर्ण सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और स्थानीय समुदाय को सड़क पर सुरक्षित व्यवहार के बारे में शिक्षित करना था। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों की बड़ी संख्या में भागीदारी हुई। कार्यक्रम की शुरूआत विभागाध्यक्ष डॉ पंकज चटर्जी द्वारा की गई, जिन्होंने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान सड़क सुरक्षा और जिम्मेदार उपयोगकताओं के व्यवहार के महत्व को उजागर किया।

इस जागरूकता अभियान में यातायात नियमों, लापरवाह ड्राइविंग के खतरों, और हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरणों के महत्व पर चर्चा की गई। प्रस्तुतियों में वास्तविक जीवन के उदाहरण दिए गए, जो सड़क पर लापरवाही के अक्सर गंभीर परिणामों को दशार्ते हैं। जागरूकता अभियान के साथ-साथ इंटरएक्टिव कार्यशाला भी आयोजित की गईं, जिसमें सुरक्षित ड्राइविंग प्रथाओं और आपातकालीन प्रतिक्रिया तकनीकों पर हाथों-हाथ अनुभव प्रदान किया गया। प्रतिभागियों ने चर्चा और गतिविधियों में भाग लिया, जो अभियान के मुख्य संदेश को और मजबूत करने के लिए डिजाइन की गई थीं।

एचडीएफसी एर्गो के प्रतिनिधि ₹असिस्टेंट वाइस प्रेसीडेंट₹ श्री अमित कुमार सिन्हा ने कहा, ₹हम मानते हैं कि जागरूकता ही सुरक्षा की पहली सीढ़ी है। आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी के साथ साझेदारी करके हमारा उद्देश्य युवा लोगों में जिम्मेदारी की भावना को विकसित करना है। प्रतिभागियों से मिली प्रतिक्रिया सकारात्मक रही, और कई लोगों ने कार्यक्रम के दौरान प्राप्त ज्ञान और कौशल की सराहना की। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एस चटर्जी और कुलसचिव डॉ. अमित कुमार पांडेय ने इस कार्यक्रम की सराहना की और कहा की यह पहल कॉर्पोरेट क्षेत्र और शैक्षणिक संस्थानों के बीच महत्वपूर्ण सहयोग का प्रतीक है और उन्होंने इस तरह के प्रयासों को नियमित रूप से जारी रखने का आग्रह किया।

## युवक की संदेहास्पद मौत, थाना में मामला दर्ज, घटना की जांच कर रही पुलिस

**सिल्ली :** सिल्ली पुलिस द्वारा रविवार की रात थाना क्षेत्र के साहिदा से जुमला जाने वाले सड़क पर नया कोचा के समीप से एक युवक का शव बरामद किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। शव की पहचान जुमला निवासी सुधीर कुमार मुंडा (22) के रूप में हुआ है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स रांची भेज दिया है। इधर मिली जानकारी के अनुसार युवक की मौत को लेकर पुलिस द्वारा एक अज्ञात सवारी गाड़ी के चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। इधर बताया यह भी जाता है कि पुलिस को घटना की कुछ प्रत्यक्षदर्शी लोगों ने बताया है कि मृतक युवक के साथ मारपीट पहले किया गया था फिर उसके शरीर पर गाड़ी चढ़ा दिया गया जिसे उसकी मौत मौके पर ही हो गया। सवारी गाड़ी का मालिक हालमाद निवासी बताया जाता है जो कोराम्बे बाजार से सवारी बैठाकर जुमला छोड़ने गया था लौटने के क्रम में पैदल जा रहे मृतक युवक के साथ यह घटना घटी है चर्चा यह भी है की मृतक युवक के साथ कोराम्बे बाजार में भी झगड़ा हुआ था। हालांकि पुलिस जांच के बाद ही इस घटना का पूर्ण रूप खुलासा होगा।

**मृतक युवक घर का था इकलौता :** मृतक युवक घर का इकलौता पुत्र था बताया यह जाता है कि उसकी पत्नी 8 माह का गर्भवती है उसका मौत हो जाने के बाद परिवार असहाय हो गया है पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सगे भाई ने की भाई की हत्या, आरोपी फरार



**चान्हो :** चान्हो थाना क्षेत्र के राजीव नगर में रविवार की सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, जब एक भाई ने अपने सगे भाई की हत्या कर दी। मृतक की पहचान 28 वर्षीय सोनू लोहरा के रूप में हुई है, जबकि आरोपी भाई का नाम मन्नू लोहरा बताया जा रहा है। घटना के बाद से मन्नू फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। घटना की शुरूआत शनिवार रात को हुई जब सोनू, जो अपनी पत्नी और दो वर्षीय बच्ची के साथ रांची में काम करता था, अपने परिवार सहित राजीव नगर स्थित घर आया। सोनू का एक छोटा मकान है, जिसमें उसका छोटा भाई मन्नू अपनी पत्नी के साथ रहता था। उसी मकान में रहने को लेकर दोनों भाइयों के बीच कहासुनी हो गई। मन्नू को यह मंजूर नहीं था कि सोनू अपने परिवार के साथ उसी कमरे में रहे। रविवार सुबह यह विवाद बढ़ गया और मन्नू ने गुस्से में घर में रखे कुदाल से सोनू पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल सोनू को उसकी पत्नी ने किसी तरह कमरे से बाहर लाकर आंगन में बैठाया, लेकिन कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर चान्हो पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची स्थित रिम्स अस्पताल भेज दिया। पुलिस आरोपी मन्नू की तलाश में जुटी है और मामले की जांच कर रही है।

## स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन



**रांची:** मां राम प्यारी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल,(रिम्स के निकट,हरिहर सिंह रोड,बरियातु रोड पेट्रोल पंप के सामने)द्वारा स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन मेन रोड स्थित होटल कैपिटल हिल की गई। कार्यशाला मे विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा स्वास्थय संबंधित जानकारियां विस्तृत रूप से दी गई। इसके पुर्व स्वास्थय चिकित्सा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए मां रामप्यारी हॉस्पिटल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉक्टर एस.एन.यादव एम.एस./एम.सी.एच.( आर्थो )को छात्र क्लब चिकित्सक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा जी द्वारा अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर मंच के उपाध्यक्ष डॉ.अनुज कुमार पटेल,प्रवक्ता खुशबू पटेल सहित आर.एन.प्रसाद,एवं अन्य लोग मौजूद थे।

# राजीव रंजन सिंह की सक्रियता भाजपा को कर रही है मजबूत

**बिनय मिश्रा**




**भारतीय** पुलिस सेवा 2006 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव रंजन सिंह 31 जनवरी 2022 को सेवानिवृत होने के पश्चात भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के साथ ही सामाजिक कार्यों को भी भरपुर गति दे रहे हैं। नवम्बर माह में 2024 के विधानसभा चुनाव में भाजपा रणनीति के साथ चुनावी कार्यक्रम में जुट गयी है और इसी क्रम में आज कोल्हान प्रमण्डल अन्तर्गत केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चैहान के आगमन तथा पूर्व मुख्यमंत्री तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मराण्डी, पूर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुण्डा, पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के सांसद विद्युतवरण महतो एवं अन्य वरीय नेताओं की उपस्थिति से आज पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा शाखा मैदान में आयोजित परिवर्तन सभा में श्री सिंह की सहभागिता और सक्रियता देखी गयी और उन्होंने केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चैहान पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मराण्डी से भी मुलाकात की और कोल्हान प्रमण्डल से भाजपा के द्वारा आयोजित परिवर्तन यात्रा में उपस्थित जनसमूह और लोगों को भरपुर प्रोत्साहित किया। इसके अलावे विधानसभा चुनाव के पूर्व भाजपा के द्वारा परिवर्तन यात्रा का श्री गणेश बहरागोड़ा विधानसभा जो वर्तमान समय में जल संसाधन मंत्री रामदास सोरेन का विधानसभा क्षेत्र है।

## माता-पिता के चरणों में ही है जन्नत और सबों की यही होती है मन्नत



**भारतीय** पुलिस सेवा 2006 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव रंजन सिंह झारखण्ड के उन सफलतम आईपीएस अधिकारी के रूप में शामिल हैं जिन्होंने अपनी बेहतर कार्यप्रणाली और आमजनों के बीच बेहतर कार्यों से लोगों को पुलिस के प्रति बेहतर सोंच और समुचित सहायता से झारखण्ड पुलिस को एक बेहतर पहचान और शाख भी दी है। श्री सिंह सेवानिवृत 31 जनवरी 2022 को सेवानिवृत होने के पश्चात जनसरोकार और सामाजिक कार्यों को निरंतर और गति देने का कार्य कर रहे हैं। लोगों में जागरूकता, कानुनी सलाहकार और जनबोध का भी व्यापक रूप से कार्यक्रम कर बेहतर संदेश देने का काम कर रहे हैं। इन्हीं व्यस्तताओं के बीच श्री सिंह अपने निवास स्थल कोडरमा जाकर अपनी माता-पिता की सेवा तथा उनके साथ समय बिताना अब भी जारी रखा है। अति व्यस्तता, सामाजिक कार्यों से निरंतर सरोकार रखने वाले श्री सिंह की यह विशेषता है कि वे माता-पिता से मिलना और उनके चरण में रहना उनके कुशल संस्कार का परिचायक है। सेवानिवृत डीआईजी राजीव रंजन सिंह अपनी धर्मपत्नी मंजु सिंह के साथ माँ-पिता के पास पहुंचते हैं और आदर्श पुत्र और पुत्रवधू के रूप में माता-पिता से मिलकर असीम सुख की अनुभूति महसूस करते हैं। श्री सिंह झारखण्ड के ग्रामीण एसपी राँची, ट्रेफिक एसपी राँची, सिमडेगा के एसपी भी रह चुके हैं और सिमडेगा में आज भी इनकी काफी सशक्त पहचान बनी हुयी है। संथाल परगणा के गोड्डा और पाकुड़ में भी पुलिस अधीक्षक रह चुके हैं वहीं कोल्हान के डीआईजी भी श्री सिंह रह चुके हैं। यहां से उनका तबादला जैप डीआईजी के रूप में हुआ। जैप डीआईजी के रूप में भी इनके द्वारा हजारीबाग के जैप भवन का उद्घाटन पलामु के लेसीगंज में भी जैप अधीन कार्यों को भरपुर गति दी गयी और इसी का परिणाम है कि आज भी जैप डीआईजी के रूप में उनके किये गये कार्य बिहार को एक सशक्त पहचान दी है।

## मोटर दुर्घटना मुआवना को लेकर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# मानवता की सेवा ही पुलिस का सबसे पहला धर्म : बाल कृष्ण तिवारी




**कोडरमा :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में जिला पंचायती संसाधन केंद्र भवन (डी.पी.आर.सी) फरेंदा के सभागार में मोटर दुर्घटना मुआवना से सम्बंधित एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी सहित अन्य अतिथियों ने का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यशाला में उपस्थित व्यवहार न्यायालय कोडरमा के न्यायिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व अधिवक्तागण मोटर दुर्घटना मुआवजा अधिनियम से सम्बंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त किये. अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रधान जिला जज बाल कृष्ण तिवारी ने कहा कि मानवता की सेवा ही पुलिस का सबसे पहला धर्म है जिसका पालन पुलिस पदाधिकारियों को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक करना चाहिए। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मोटर दुर्घटना मुआवजा अधिनियम से सम्बंधित अद्यतन जानकारी प्राप्त कर पीडितो को लाभ दिलाने की दिशा में सतत प्रयत्नशील रहे प्राधिकार उन्हें हर संभव सहायता देने के लिए कृत संकल्पित है क कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला जज प्रथम गुलाम हैदर ने कहा कि दुर्घटना के शिकार व्यक्तियों को मदद करने में पुलिस का दायित्व सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। पुलिस अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करें। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार वैश ने हिट एंड रन सहित मोटर दुर्घटना एवं रोड सेफ्टी से सम्बंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि हिट एंड रन के तहत पीड़ित व्यक्ति अथवा उनके आश्रितों को 2 लाख रूपए मुआवजा एवं दुर्घटना के शिकार व्यक्तियों की मदद करने वाले को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि दिए जाने के प्रावधान है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदीश सलूजा ने कहा कि यह कार्यशाला अधिवाक्ताओ एवं पुलिस पदाधिकारियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा क उन्होंने इस कार्यशाला के आयोजन के लिए प्राधिकार को बधाई दी क इस कार्यशाला में मुख्य रूप से झारखण्ड उच्च न्यायालय रांची के आए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ट अधिवक्ता अरविन्द कुमार लाल ने मोटर दुर्घटना मुआवजा अधिनियम से सम्बंधित कई महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों पर प्रकाश डाला कलगभग तीन घंटे तक चले इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता अरविन्द कुमार लाल ने सर्वोच्च न्यायालय एवं विभिन्न उच्च न्यायालयों के चर्चित केसों का हवाला देते हुए उससे सम्बंधित विस्तृत जानकारी एवं कानून में हुए विभिन्न बदलाव तथा नए कानूनी प्रावधानों से उपस्थित लोगो को अवगत कराया क कार्यशाला के दौरान कई न्यायिक पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं अधिवाक्ताओ ने मुख्य वक्ता से कई सवाल भी किये जिसका उन्होंने संतोष जनक जवाब भी दिया क कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने किया जबकि कार्यक्रम का संचालन न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह ने किया क प्रधान जिला जज बाल कृष्ण तिवारी एवं रिसोर्स पर्सन अरविन्द कुमार लाल को मोमेंटो एवं शौल भेट कर सम्मानित किया गया कमौके पर जिला जज प्रथम गुलाम हैदर, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार वैश जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी कंचन टोप्पो, न्यायाधीश प्रभारी शिवांगी प्रिया, अभियोजन के पुलिस निरीक्षक बासुदेव साह, एल. ए. डी. सी. एस. के अधिवक्ता नवल किशोर, राजेंद्र मंडल, अरुण कुमार ओझा, ललन कुमार चौधरी, निक्की कुमार न्यायालयकर्मी प्रियंका कुमारी, संतोष कुमार सिंह, पीएलवी रविन्द्र कुमार यादव, मनोज कुमार, पाण्डेय शेखर प्रसाद, नेहा सिन्हा, मोनिका कुमारी, कंचन कपूर व अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं अधिवक्ता गण मौजूद थे।

## कोडरमा में 30 लाख रुपये मूल्य का अवैध ढिबरा जब्त

**कोडरमा :** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत महेशपुर से रविवार को वन विभाग ओर डोमचांच पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर अवैध ढिबरा लदा एक ढिबरा लदे एक ट्रक को जब्त किया है। मामले मे ट्रक चालक को गिरफ्तार किया गया है. जिसकी पहचान अनिल यादव के रूप मे की हुई है। जप्त अवैध ढिबरा 450 बोरी में 22 टन कीमत लगभग 30 लाख रुपए आंका गया है। वन विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि डोमचांच के कबराबूट से सुनील मेहता और सीताराम बरनवाल के द्वारा जंगलों में अवैध खनन कर एक ट्रक मे अवैध तरीके से अवैध ढिबरा लोड कर कोलकाता ले जाया जा रहा है। जिसके बाद वन विभाग और पुलिस की एक छापेमारी टीम का गठन कर महेशपूर के समीप ट्रक की गहनता से जाँच की गई जिसमे अवैध ढिबरा लोड पाया गया। पुलिस के द्वारा ढिबरा संबंधित कागजात की मांग की गई, लेकिन चालक के द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नही किया गया। जिसके बाद ट्रक को जप्त करते हुए चालक को गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार गोसाईरथा में कई सालों से जंगलों से अवैध खनन कर अवैध ढिबरा को डंप कर उसे मशीनों के जरिए पाउडर बनाकर कोलकाता भेजा जाता है. इसके लिए ढिबरा कारोबारियों के द्वारा फर्जी कागजात का प्रयोग किया जाता है। वही मामले को लेकर वन रक्षी पिंटू पंडित के द्वारा चालक सह मालिक के अलावा सुनील मेहता व सीताराम बरनवाल के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम के तहत प्राथमिक दर्ज किया गया है।

## झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका साहिकाएं का रैली

# आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका की मांगों को पूरा करें हेमंत सरकार : सुनील

### धरना को राष्ट्र सेवा फाउंडेशन ने किया समर्थन!

**मेट्रो रेज**



**रांची :** झारखंड राज्य आंगनवाड़ी सेविका सहायिकाएं की आठ सूत्री मांगों को लेकर मोरहाबादी मैदान रांची में एक दिवसीय रैली /प्रदर्शन की गई। जिसमें लगभग दस हजार सेविकाझसहायिकाएं एकत्र हुई। इस बाबत राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह को अपनी मांगों को लेकर समर्थन के लिए ज्ञापन सौंपा। जिसमें सेविका सहायिकाएं का कहना है कि हमारी आठ सूत्री मांगों को जल्द से जल्द पूरा करे राज्य सरकार, नहीं तो अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। इस अवसर पर आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाएं की एक प्रतिनिधि राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह से मिली और लेटर की प्रति देते हुए समर्थन किए जाने से सबंधित अपनी मांगों को लेकर चर्चा की। मौके पर सुनील कुमार सिंह ने सेविका सहायिकाएं की बातों को सुना और उनकी उचित मांगों को समर्थन किया। वहीं सुनील कुमार सिंह ने कहा कि मैं झारखंड की हेमंत सरकार से पूछना चाहता हूं कि, आखिर क्या वजह है कि, आए दिन राज भवन हो या मोरहाबादी मैदान, कर्मचारियों की धरना प्रदर्शन जारी रहता है। कभी दिव्यांगजनों की धरना, कभी मुखिया संघ की धरना,कभी जल सहिया दीदी लोग की धरना,कभी सहायक पुलिस कर्मियों की धरना, कभी सहायक अध्यापकों की धरना, आदि आदि कर्मचारियों की धरनाओं के साथ आज आंगनवाड़ी सेविका सहायिकाएं की धरना /प्रदर्शन तथा रैली की जा रही है, आखिर सरकार क्या कर रही है? इस गठबंधन की सरकार में ना हीं युवाओं को कोई रोजगार देने का काम किया गया? ना हीं महिलाओं की सुरक्षा दे पा रही है ? इस सरकार के लगभग 5 साल के कार्यकाल में लगभग 7000 मां, बहन, बहू, बेटियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं घट चुकी है। जनता बेहाल है, हर तरफ लूट खसोट और भ्रष्टाचार व्याप्त है। अब जब विधान सभा चुनाव होने वाला है तो, चुनाव में लाभ लेने के लिए, अंतिम समय में महिलाओं और युवाओं को खुश करने के लिए, मईयां सम्मान योजना लाना, और उत्पाद सिपाही बहाली व जेएसएससी सीजीएल परीक्षा आयोजित कर रही है? कहा कि राज्य सरकार उत्पाद सिपाहियों को इतना दौड़ लगवा रही है कि, उनकी जानें तक चली जा रही है? अभी तक लगभग 18 से 20 उत्पाद सिपाही अभ्यर्थियों की दौड़ के क्रम में अपनी जान गवां चुके हैं, और लगभग 200 उत्पाद सिपाही डायलिसिस पर हैं! वहीं 21 और 22 सितंबर की जेएसएससीझ सीजीएल परीक्षाओं को कदाचार मुक्त कराने को लेकर इंटरनेट सेवा बंद किया गया? जबकि परीक्षाओं में गड़बड़ी की मामले आने शुरू हो गए हैं! रामगढ़ में जेएसएससी परीक्षार्थियों को 25/ 25 लाख लेकर पास करने संबंधित गिरोह का एक युवक को पकड़ा गया। कई जगह छात्रों को प्रश्न पत्र के सील पहले से टूटे होने की खबरें आ रही है? कुछ और भी विषय हैं जो संदेह के घेरे में है ? जिससे प्रतीत होता है कि, जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में भी भारी धांधली, कदाचार, और भ्रष्टाचार बड़े पैमाने पर हो रही है? बहरहाल राष्ट्र सेवा फाउंडेशन हेमंत सरकार से आग्रह करते हुए मांग करती है कि, आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाएं की उचित मांगों को पूरा किया जाए। ताकि सेविका झसहायिकाएं अपने घर परिवार को सही से चला सके।